शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 190 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 05 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 2029 में फिर एनडीए सरकार, मोदी भी आएंगे: अमित शाह

## 'आजादी से पहले के कानून लागू तो कैसे माने देश को स्वतंत्र?' गृहमंत्री अमित शाह

**चंडीगढ़**
**गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार (4 अगस्त) को चंडीगढ़ में कहा कि इंडिया ब्लॉक चाहे कुछ भी कर ले, 2029 लोकसभा चुनाव में ठऊअ की ही सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडिया ब्लॉक एक बार फिर से खुद को विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रखे। शाह ने कहा कि विपक्ष अस्थिरता पैदा करना चाहता है। उन्हें विपक्ष में रहकर काम करने का तरीका सीखना चाहिए। विपक्ष के लोग बार-बार कहते हैं कि हमारी सरकार चलने वाली नहीं है। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि एनडीए सरकार कार्यकाल पूरा करेगी और 2029 में फिर आएगी।

**शाह बोले- मोदी का तीसरा कार्यकाल पूरा होने से पहले हर घर में स्वच्छ जल पहुंच जाएगा**
चंडीगढ़ में वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट न्याय सेतु के उद्घाटन और स्मार्ट सिटी मिशन का उद्घाटन करते हुए गृह मंत्री ने कहा- विपक्ष को लगता है कि थोड़ी सफलता से वे चुनाव जीत गए। उन्हें नहीं पता कि तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलीं, भाजपा को इस चुनाव में उससे ज्यादा सीटें मिली हैं। शाह ने आगे ये भी कहा- मोदी जी का प्रधानमंत्री बनने के बाद से स्मार्ट सिटी पर फोकस रहा है और चंडीगढ़ इस सूची में पहले स्थान पर है। अब तक एक लाख करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। देश के 74 फीसदी घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का मिशन पूरा हो चुका है। पानी से होने वाली बीमारियों में काफी कमी आई है। मोदी तीसरे कार्यकाल के खत्म होने से पहले देश के हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाने का काम पूरा हो जाएगा। न्याय सेतु परियोजना के महत्व पर शाह ने कहा- इस क्षेत्र के लोगों के लिए 24/7 फिल्टर-साफ पानी की आपूर्ति की जाएगी। यह परियोजना करीब 125 एकड़ में फैली हुई है।

**केंद्र की एनडीए सरकार पर इंडिया ब्लॉक और दूसरे नेताओं ने क्या बोला**
ममता बनर्जी (9 जून)- एनडीए और इंडिया गठबंधन में काफी अंतर है। जो लोग एनडीए में हैं, उनकी मांगें बहुत ज्यादा हैं, लेकिन हम इंडिया गठबंधन वालों को कुछ नहीं चाहिए। हम सिर्फ लोगों का भला चाहते हैं, देश का भला चाहते हैं।
राहुल गांधी (12 जून)- सच्चाई यह है कि आज हमारे पास (केंद्र में) एक अपंग सरकार है। इसे कठ.ऊकअ गठबंधन ने बुरी तरह से हराया है कि यह सीधे नहीं चल सकती। यह निश्चित रूप से ऐसी सरकार नहीं है जो देश का नेतृत्व करने में सक्षम हो।




## वायनाड दौरे का वीडियो साझा करना थरूर को पड़ा महंगा



**वायनाड**
**केरल** के वायनाड जिले में 30 जुलाई को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी थी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अबतक 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों घायल हैं। यहां बड़े स्तर पर बचाव अभियान चल रहा है। इस बीच, कांग्रेस नेता शशि थरूर वायनाड पहुंचे और उन्होंने यहां के राहत कार्यों का एक वीडियो साझा किया। हालांकि अब इस वीडियो के कैप्शन को लेकर उनकी आलोचना हो रही है। हालांकि, कांग्रेस नेता ने सफाई भी दी है। दरअसल, तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद शशि थरूर ने वीडियो साझा कर लिखा था कि वायनाड में एक यादगार दिन की कुछ यादें। जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दुखद घटना के लिए यादगार शब्द का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने थरूर की आलोचना की।

## ममता ने सीएम सोरेन से की बात, बांध से पानी छोड़ने पर ध्यान देने का अनुरोध



**कोलकाता**
**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि उन्होंने झारखंड के सीम हेमंत सोरेन से बातचीत की है। ममता बनर्जी ने कहा कि बातचीत के दौरान उन्होंने झारखंड के बाधों से पानी छोड़ने को लेकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। ममता बनर्जी ने दावा किया है कि झारखंड के बांधों से छोड़े जाने वाले पानी की वजह से पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति पनप रही है। उधर, झारखंड और पश्चिम बंगाल में विभिन्न हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का संचालन करने वाली कंपनी दामोदर वैली कोपोरेशन (डीवीसी) का कहना है कि बारिश झारखंड में इस बार बारिश की कमी देखने को मिली है। डीवीसी का यह भी कहना है कि उसे निचले इलाकों में किसी तरह की बाढ़ का खतरा नजर नहीं आया है।

**ममता बनर्जी ने क्या कहा?**
सोशल मीडिया मंच एक्स पर ममता बनर्जी ने लिखा, 'मैंने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से बात की है। मैंने उनसे बाढ़ के हालातों के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान तनुघाट से पानी छोड़ने पर चर्चा की गई, जिस वजह से पश्चिम बंगाल में बाढ़ के हालात पनपे हैं। मैंने उन्हें बताया कि झारखंड द्वारा पानी छोड़ने की वजह से पश्चिम बंगाल में बाढ़ आ गई है।
मैंने उनसे इसका ध्यान रखने का अनुरोध किया है।़ पश्चिम बंगाल की सीएम ने यह भी कहा कि उनकी बाढ़ के हालातों पर नजर बनी हुई है। इसके साथ ही वह इसे लेकर लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने दिल्ली मेट्रो की सवारी की

**नई दिल्ली**
भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल सेक्युलर पार्टी के अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा रविवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। इस दौरान पूर्व पीएम के साथ मेट्रो के आला अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले जेडीएस प्रमुख ने शनिवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने संग्रहालय की सराहना की। देवेगौड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करना एक अभिभूत करने वाला और विनम्र अनुभव था।

## 'प्रिय भारतीय सेना एक दिन मैं देश की सेवा करूंगा' कक्षा 3 के छात्र ने आर्मी को लिखा पत्र

**वायनाड**
**केरल** के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले में राहत एवं बचाव कार्य अभियान जारी है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए 1,300 से अधिक बचावकर्मी दिन रात जुटे हुए हैं। इसमें सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और स्वयंसेवक शामिल हैं। बचाव दल में 500 से ज्यादा सैना के जवान शामिल हैं। घटनास्थल पर भारी मशीनों और अत्याधुनिक उपकरणों को भी लगाया गया है। इन सबके बीच वायनाड में सैनिकों के बचाव प्रयासों से इंप्रेस होकर कक्षा तीन में पढ़ने वाले एक छात्र ने सेना को एक भावपूर्ण पत्र लिखा है। छात्र ने पत्र में लिखा है कि वह एक दिन सेना में शामिल होगा। छात्र का नाम रेयान है।

## लद्दाख समेत अन्य जगहों पर छापा, छापेमारी में एक करोड़ का कैश बरामद

**नई दिल्ली**
**क्रिप्टोकरेंसी** घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने लद्दाख समेत अन्य राज्यों में कई जगहों पर छापेमारी की। प्रवर्तन निदेशालय ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि लद्दाख और कुछ अन्य जगहों पर लोगों के साथ फर्जी क्रिप्टोकरेंसी के जरिए निवेश कंपनी के संचालकों के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान ईडी को एक करोड़ रुपये और अपराधी दस्तावेज जब्त किए गए।

## संसद में सरकार ने माना कि बंगाल को मनरेगा कोष के लिए 'शून्य' पैसा दिया गया: डेरेक



**नई दिल्ली**
**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमएसी) सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को दावा किया कि केंद्र सरकार ने आखिरकार इस बात को माना है कि उसने पश्चिम बंगाल को 100 दिन की ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत शून्य धन दिया है। ब्रायन ने इसके लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) पर सरकार द्वारा राज्यसभा में दिए गए एक सवाल के जवाब का हवाला दिया। राज्यसभा सदस्य ओ ब्रायन ने 'एक्स' पर कहा, टीएमसी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी इस योजना पर श्वेत पत्र की मांग कर रहे हैं, ताकि यह साबित हो सके कि केंद्र ने 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद पश्चिम बंगाल को क्या भुगतान किया है। ओ ब्रायन ने सरकार के 26 जुलाई के उस जवाब को एक्स पर साझा किया, जिसमें मनरेगा के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 100 दिनों का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की संख्या पर पिछले पांच वित्तीय वर्षों के आंकड़े दिए गए थे। उन्होंने लिखा, आखिरकार! मोदी सरकार ने संसद में माना है कि बंगाल को मनरेगा कोष के लिए शून्य धन दिया गया है। संसद के ऊपरी सदन में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान की ओर से दिए गए लिखित जवाब के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में 2023-24 में 100 दिनों का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की संख्या शून्य थी। 2022-23 में योजना के तहत राज्य में 1,618 परिवारों को 100 दिनों का काम मिला। जबकि 2021-22 में यह 4,71,136 था।

## सीएम नायब सैनी का बड़ा एलान: किसानों के 133 करोड़ माफ

### अब 14 की जगह 24 फसलें एमएसपी पर खरीदेगी सरकार



**कुरुक्षेत्र (हरियाणा)**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है, लेकिन अब केंद्र की तर्ज पर 10 और नई फसलों (कुल 24 फसल) को एमएसपी पर खरीदेगी। उन्होंने किसानों के आबियाने (नहरों से सिंचाई) का 133 करोड़ रुपये बकाया माफ करने का एलान किया। साथ ही वर्ष 2023 से पहले के प्राकृतिक आपदा से हुए खराबे के 137 करोड़ रुपये एक सप्ताह के भीतर जारी करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्री स्टार ट्यूबवेल मोटर बेचने वाली सभी कंपनियां प्रदेश सरकार के पैनल पर होंगी, जिसका लाभ भी किसानों को मिलेगा। किसान अपनी पसंद की कंपनी से ट्यूबवेल के लिए मोटर खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री रविवार को कुरुक्षेत्र की अनाजमंडी में आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने शंख बजाकर आगामी विधानसभा चुनाव में जीत की हुंकार भरी। महाभारत की धरती पर रैली के जरिए जहां भाजपा के दिग्गज नेताओं ने अगले विधानसभा चुनाव के लिए सियासी बिगुल बजाया। वहीं किसानों को साधने के लिए कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 जून को उन्होंने घोषणा की थी, जिसके अनुसार 31 दिसंबर, 2023 तक आवेदन करने वाले सभी किसानों को जल्द ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाएंगे। यही नहीं बिजली निगम की ओर से किसानों के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे निगम की ओर से निशुल्क बदला जाएगा।

## असम में सरकारी नौकरी के लिए वहीं जन्म होना जरूरी: हिमंत



### सरकार नए कानून बना रही; लव-जिहाद के आरोपी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी

**गुवाहाटी**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार (4 अगस्त) को तीन बड़े ऐलान किए। पहला यह कि जल्द ही असम में सरकारी नौकरी उन्हीं लोगों को मिलेगी, जो असम में ही पैदा हुए हैं। दूसरा, लव-जिहाद के मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी। तीसरा, असम सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री के संबंध में भी फैसला लिया है। हालांकि, सरकार इसे रोक नहीं सकती, लेकिन खरीद-बिक्री से पहले मुख्यमंत्री की सहमति लेना जरूरी कर दिया गया है। सरमा ने ये बातें बीजेपी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कहीं।

**सरकारी नौकरियों के लिए नई डोमिसाइल पॉलिसी पेश करेगी सरकार**
सरमा ने बैठक में कहा कि जल्द ही एक नई डोमिसाइल पॉलिसी पेश की जाएगी, जिसके तहत केवल असम में जन्मे लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के लिए पात्र होंगे। चुनाव में किए वादे के अनुसार, एक लाख सरकारी नौकरियों में असम के लोगों को प्राथमिकता दी गई है। पूरी लिस्ट पब्लिश होने पर यह स्पष्ट हो जाएगा।

**सीएम ने जुलाई में मुस्लिम मैरिज के लिए नया एक्ट लाने की बात कही थी**
मुख्यमंत्री सरमा ने 18 जुलाई को घोषणा की थी कि मंत्रिमंडल ने मुस्लिम मैरिज एक्ट 1935 को रद्द करते हुए नए कानून बनाने को मंजूरी दे दी है। असम मंत्रिमंडल ने इसी साल फरवरी में मुस्लिम मैरिज एक्ट को रद्द करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा था कि नए कानून से शादी और तलाक के नियमों में समानता आएगी। साथ ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर भी रोक लगेगी।

## झारखंड: भाजपा के दिग्गज से बागी बने सरयू राय जदयू में



**पटना**
**झारखंड** के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री सरयू राय अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आ चुके हैं। आज जनता दल यूनाईटेड के कार्यकारी अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। जदयू ज्वाइन करने के बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनका पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है। मुझे विश्वास है, के आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर बिहार सरकार के माननीय मंत्री एवं जदयू के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, राज्यसभा सांसद सह जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो विधान पार्षद संजय गांधी और प्रदेश महासचिव मनीष कुमार मौजूद थे।

**सीएम रघुबर दास को हरा चुके हैं**
झारखंड की राजनीति के दिग्गज कहे जाने वाले सरयू राय की एक समय में भारतीय जनता पार्टी में अच्छी पकड़ मानी जाती थी। जब झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो सरयू राय मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए थे। कुछ दिन बाद से ही उनका रिश्ता तत्कालीन सीएम रघुबर दास से बिगड़ता चला गया। 2019 के विधानसभा चुनाव में सरयू राय को बेटिकट कर दिया गया। सरयू राय के समर्थकों ने आरोप लगाया कि रघुबर दास की जिद्द के कारण उनके नेता को जमशेदपुर पश्चिमी सीट टिकट नहीं मिला। इसके बाद सरयू राय बागी हो गए और रघुबर दास के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

## विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर भीषण हादसा, तिरुमाला एक्सप्रेस के चार डिब्बों में लगी आग

**विशाखापत्तनम**
आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा रेल हादसा होते होते बचा। तिरुमाला एक्सप्रेस की चार बोगियों में आग आग लगने की घटना सामने आई है। हालांकि, ट्रेन का डिब्बे खाली थे।

**चार डिब्बों में लगी आग**
समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, ट्रेन में आग लगने की सूचना मिलते ही इसे तुरंत बुझा दिया गया। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। विशाखापट्टनम के पुलिस आयुक्त शंका ब्रत बागची ने बताया कि सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर विजाग रेलवे स्टेशन पर खड़ी तिरुमाला एक्सप्रेस की चार बोगियों में आग लग गई।
सौभाग्य से, उस समय उन बोगियों में कोई यात्री नहीं था। इसलिए किसी की जान नहीं गई और कोई घायल नहीं हुआ।

## पोखरण प्रतिबंधों के 25 साल बाद इसरो-नासा ने मिलाया हाथ

*इसरो और नासा एक साथ चांद पर रखेंगे कदम*

*चांद पर पहुंचने के लिए अमेरिका ने मिलाया भारत से हाथ*

*अमेरिका ने भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के लिए तैयार किया रेड कार्पेट*



**नई दिल्ली**
अमेरिका और भारत दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र गहरे संबंध बना रहे हैं और अब चांद तक पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को घोषणा की कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए आगामी भारत-अमेरिका मिशन के वास्ते चुना गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में इसरो ने कहा कि उसके मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र ने आईएसएस के लिए अपने चौथे मिशन के लिए अमेरिका के एक्सिओम स्पेस इंक के साथ अंतरिक्ष उड़ान समझौता किया है और नेशनल मिशन असाइनमेंट बोर्ड ने दो गगनयात्रियों (अंतरिक्ष यात्रियों) - ग्रुप कैप्टन शुक्ला (प्रधान) और ग्रुप कैप्टन नायर के नाम की सिफारिश की है।

**Axiom-4 मिशन है क्या ?**
नासा और अमेरिका की निजी रूप से वित्तपोषित अंतरिक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर Axiom स्पेस ने ISS के लिये चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन हेतु एक आदेश पर हस्ताक्षर किये जो अगस्त 2024 में फ्लोरिडा में स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। एक्सिओम-4 मिशन (जो स्पेस-एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट और क्रू ड्रैगन स्पेस मॉड्यूल का उपयोग करेगा) का लक्ष्य चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना है। चार अंतरिक्ष यात्रियों में एक अमेरिकी, एक हंगेरियन और एक पोलिश नागरिक तथा एक भारतीय शामिल हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री (जिन्हें गगनयात्री भी कहा जाता है) वायु सेना के पायलट हैं जिन्हें उड़ान का व्यापक अनुभव है। उन्हें रूस में अंतरिक्ष यात्री के रूप में भी प्रशिक्षित किया गया है। यह मिशन अंतरिक्ष में अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग लक्ष्यों के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष यान प्रणालियों और आपातकालीन तत्परता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को नासा, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों तथा स्पेसएक्स द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। नासा और इसरो के बीच यह सहयोग 1990 के दशक में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ अमेरिका के समीकरणों से एक बड़ा बदलाव दर्शाता है। अमेरिकी प्रशासन ने 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों के बाद क्रफ्ह पर प्रतिबंध भी लगाए। एक्सिओम स्पेस एक वाणिज्यिक कंपनी है जो इसरो और नासा के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रही है।

# बाइक चोरी में संलिप्त दो अभियुक्तों के कब्जे से किया 9 बाइक बरामद

## चेकिंग के दौरान मेजा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी




अखंड भारत संदेश

**मेजा।** चेकिंग के दौरान बाइक चोरी में संलिप्त दो अभियुक्तों के कब्जे एवं निशानदेही पर मेजा पुलिस को चोरी की 9 बाइक बरामद करने में बड़ी कामयाबी मिली है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के मद्देनजर मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, सचिन गुप्ता, अतुल सिंह,मनोज कुमार, एवं कांस्टेबल अखिलेश यादव,अमित गुप्ता, आकाश पांडेय तथा विमल रावत द्वारा गठित टीम ने रविवार को मुंखवीर की सूचना पर मेजारोड कठौली ओवरब्रिज थाना मेजा के समीप से बाइक चोरी में संलिप्त अभियुक्त रामसूरत उर्फ हनुमान पुत्र श्याम नारायण निवासी अमोरा थाना मेजा तथा गिरीश पुत्र श्रीनाथ निवासी लोटाढ़ मेजा को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के कब्जे एवं निशानदेही पर नवीन मंडी समिति सिरसा के बाउंड्री के अंदर तथा कुछ अलग अलग स्थानों से चोरी की कुल 9 बाइक बरामद करने में मेजा पुलिस को सफलता मिली है। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर नियमा अनुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

## हमसफर एक्सप्रेस बनेगी एनसीआर की पहली जनरल कोच वाली प्रीमियम ट्रेन, महाकुंभ में श्रद्धालुओं को मिलेगी खास सुविधा

**प्रयागराज।** साधारण कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। नई दिल्ली जाने के लिए अब उन्हें हमसफर एक्सप्रेस में भी जगह मिल जाएगी। महाकुंभ से पहले हमसफर एक्सप्रेस में साधारण कोच जोड़ा जाएगा।इससे प्रीमियम श्रेणी में यह एनसीआर की पहली जनरल कोच वाली ट्रेन बन जाएगी। इससे पहले भी इसी ट्रेन में पहली बार स्लीपर श्रेणी का कोच जोड़ा गया था। जिससे यह एनसीआर की पहली स्लीपर कोच वाली हमसफर ट्रेन बनी थी। अभी इस ट्रेन में कुल 21 कोच हैं। जिसमें एसी थ्री के 13, स्लीपर के चार कोच हैं। जबकि दो कोच जनरेटर यान के हैंनए बदलाव के क्रम में तीन साधारण कोच इसमें बढ़ा दिए जाएंगे और कोच की संख्या 24 हो जाएगी। रेल सूत्रों के अनुसार जनरल के साथ स्लीपर श्रेणी के कोच की संख्या को बढ़ाने पर भी प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि इसके लिए उसे एसी थ्री के कोच संख्या में कमी करनी होगी, अथवा जनरल कोच तीन की जगह सिर्फ दो ही लगाए जाएंगे।

# वाहन की टक्कर से पति फिर रविवार को पत्नी की इलाज के दौरान मौत परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सिकन्दरपुर निवासी राम बाबू सरोज कोटेदार 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हीरालाल सरोज तथा उनकी पत्नी सुदामा देवी 35 वर्ष बाइक से एक अगस्त को रिश्तेदारी जा रहे थे। बताया गया है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दम्पत्ति नाजुक हो गए। जिन्हें एस आर एन में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान राम बाबू सरोज कोटेदार की मौत हो गई थी। जबकि पत्नी का उपचार चल रहा था। बताया गया है कि रविवार को मृतक राम बाबू कोटेदार की पत्नी सुदामा देवी 35 वर्ष की भी मौत हो गई। बताया गया है कि पोस्टमार्टम के बाद जब सुदामा देवी का शव मऊआइमा के ग्राम सिकन्दरपुर पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया।पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक की दो पुत्रियां हैं ।और एक पुत्र रवि कुमार सरोज है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



## फुटपाथ व्यापारी एकता समिति ने विभिन्न मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** विभिन्न मांगों को लेकर फुटपाथ व्यापारी एकता समिति ने भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र को ज्ञापन सौंपा। समिति के संरक्षक विजय गुप्ता एवं समिति के जिलाध्यक्ष विकास अग्रहरी ने व्यापारियों के साथ महानगर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर निगम के मनमाने रवैए के चलते आए दिन पटरी दुकानदारों को उजाड़ दिया जाता है जबकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पटरी दुकानदारों के हित की बात करते हैं। यही नहीं व्यापारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम की टाउन वेल्डिंग कमेटी में कुछ लोग सदस्य बनकर वसूली कर रहे हैं ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए। इस मामले पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि व्यापारी समाज भाजपा का महत्वपूर्ण अंग है और सरकार लगातार व्यापारियों के हित में काम कर रही है। स्थानीय स्तर जो समस्या सामने आ रही है नगर निगम के जिम्मेदारों से वार्ता कर जल्द उसका समाधान निकाला जाएगा।

# शारदा सहायक मड़ियाहूं ब्रांच की नहर टूटी ग्रामीणों और नहर विभाग की सतर्कता से काबू पाया गया

## रविवार को सुबह हरखपुर सुलेमपुर कोठी के टूटी नहर की जानकारी ग्रामीणों ने विभाग को दी गई

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के शारदा सहायक नहर की मड़ियाहूं ब्रांच के सुलेमपुर कोठी के पास रविवार को सुबह लाल बहादुर ने नहर से पानी बहने की आवाज सुन कर अपने पुत्र नीरज से कहा देखो कैसी आवाज है ।उसने लगभग साढे तीन मीटर नहर टूटने की बात बताई। बताया जाता है कि उक्त शारदा सहायक नहर इस समय अपने पूरे चरम के साथ बह रही है। बताया गया है कि नहर जोगीपुर, हरखपुर,महरौंडा,सेमरा वीरभानपुर,गदियानी, सराय बादशाह कुली आदि गांवों से गुजरी है ।नहर टूटने की सूचना ठेकेदार काशी शुक्ला को ग्रामीणों ने दी ।इसकी सूचना नहर विभाग के एस डी ओ सुरेश कुमार गौतम,जेई मनीष गौतम,मेड अनिल कुमार तथा राजेश दूबे को दी गई तो वह मौके पर लेकर ग्रामीणों की सहयोग से बालू को बोरी में भर कर घंटों मशक्कत के बाद बांध दिए। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि नहर टूटने की सूचना पर ग्रामीणों में खलबली मच गई थी ।दो वर्ष पूर्व ग्राम जोगीपुर के सामने भी इसी तरीके से नहर टूट चुकी है। ग्रामीण कहना है कि पहले नहर पर बेलदार रहा करते थे लेकिन दस वर्ष से कोई दिखाई नहीं देता ।सुलेमपुर नहर कोठी वीरान पड़ी है ग्रामीणों का आरोप है कि कोई देखाई नहीं देता ।नहर टूटने के बाबत एसडीओ सुरेश कुमार गौतम का कहना है कि नहर में बिलों के कारण छेद बढते बढते पानी के दबाव के कारण टूट जाता है।





## न्यूज झरोखा

### हरिसेनगंज में व्यापार मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के हरिसेनगंज में व्यापार मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत समारोह को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने अध्यक्ष शिव जी साहू, उपाध्यक्ष राकेश पटेल व अर्पित जयसवाल , महामंत्री धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अमृत लाल गुप्ता , संयुक्त मंत्री राम बाबू मोदनवाल,संगठन मंत्री डिक्की रावत , राहुल केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी व गुलाब केसरवानी को मंत्री ,शिव कुमार केसरवानी , अजय उर्फ मुन्ना सोनी , दिलीप केसरवानी सुनील पटेल को माला पहनाकर स्वागत किए । इस मौके पर पूर्व विधान सभा प्रत्याशी संजय पटेल, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष पटेल , विमलेश,सुरेश कौशल, जिला पंचायत सदस्य अंकेश पटेल, मंडल प्रभारी सरताज आलम समेत अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या पर मानपूर्णनाथ का कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक



**करछना।** श्रावण कृष्णपक्ष अमावस्य रविवार को बाबा मानपूर्णनाथ सेवा समिति डीहा करछना प्रयागराज द्वारा भव्य कावड़ यात्रा? का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त गण शामिल हुए इह कांवड़ यात्रा में डीहा बाजार सहित कई जगहों पर लोगों ने कांवड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों फूल मालाओं से स्वागत किया मंदिर डीहा से प्रारंभ होकर के ग्राम कबरा डीहा बाजार होते हुए बाबा मान पूर्ण नाथ का जलाभिषेक किया गया इस यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे कावड़ यात्रा में राम चंद्र पांडे कृष्ण कुमार मिश्र ,सूर्यकांत पांडे(मोनू) ,दिवाकर पांडे किसन पांडे,आशीष पांडे ,शशि कांत पांडे ,सूर्यकांत मिश्रा ,कमलेश सिंह,शत्रुघ्न मिस्त्र ,विनायक पांडे , डॉ नकुल प्रसाद निषाद, जटा शंकर शुक्ल आयुष मिश्रा ,आदि उपस्थित रहे ।पूर्व जिलापंचायत सदस्य जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने भव्य एवं दिव्य कावड़ यात्रा में सम्मिलित आए सभी भक्तो के प्रति आभार प्रकट किया और आयोजको को शुभकामनाएं दिया

### मऊआइमा में कांवरियो को वितरित किया गया प्रसाद



**मऊआइमा।** सावन माह में भारी संख्या में कांवरिया जल लेकर जलाभिषेक के लिए प्रयागराज- प्रतापगढ़ हाइवे पर आते जाते हैं। इस को मद्देनजर मऊआइमा के जोगापुर मंडी के पास सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश पटेल उर्फ फौजी व राकेश पटेल पूरे सावन माह तक निःशुल्क जलपान के साथ साथ भोजन व चिकित्सा की व्यवस्था कर रहे हैं। जो पिछले कई वर्षों से कांवरियो के लिए इसी तरह व्यवस्था करते चले आ रहे हैं। इस मौके पर मनोज कुमार केसरवानी कोटेदार, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेन्द्र पटेल डॉ विपुल यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक बुधवार से शनि धाम बरना में

**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन माह में पंचमूर्ति सेवा समिति शनि धाम बरना, जंघई में शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक का आयोजन 7 अगस्त बुधवार से प्रारंभ होगी और 13 अगस्त तक कथा चलेगी। 14 अगस्त बुधवार को पूणार्हुति हवन किया जाएगा। कथा व्यास मनीष शरण महाराज श्रीधाम अयोध्या होंगे। कुल पुरोहित आचार्य लोलारख नाथ मिश्र होंगे यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक अनिल सिंह एवं सुनील सिंह ने दिया है।

### छप्पर पर गिरा आम का पेड़ बाल बाल बची गाय



**जंघई।** जोगापुर, मिश्रान गांव निवासी राहुल मिश्रा के घर के पास पुराना आम का पेड़ था जो रात में तेज हवा एवं आंधी में गिर गया ।आम का पेड़ ईंट की दीवार से बने टीन के छप्पर पर गिरी जिससे छप्पर गिर गया। छप्पर में बंधी गाय साफ साफ बच गई लेकिन उसमें रखा भूंसा एवं सामान दब गया। राहुल मिश्रा ने प्रधान एवं लेखपाल से मदद की मांग किया है ताकि पुनः गऊशाला का निर्माण कराया जा सके।

# दूरवाणी नगर के सम्भान्त नागरिकों की बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर आक्रोश



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अवन्तिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में दूरवाणी नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवियों की बैठक शनिवार को महर्षि विद्यालय के पास स्थित हनुमान मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गोविन्द सिंह चौहान एवं संचालन समिति के सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नवीन कुमार श्रीवास्तव ने कहाकि दूरवाणी नगर के गलियों में कभी भी नगर निगम के सफाई कर्मी शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी नहीं आते हैं, लोगों को मजबूरन पैसे देकर प्राइवेट सफाई कर्मियों से झाड़ू लगवाना पड़ता है। क्षेत्रीय मन्दिरों के आसपास भी लोगों कों स्वयं ही सफाई व्यवस्था करनी पड़ती है। लोगों ने बताया कि जी ब्लॉक के लोहिया पार्क का मुख्य गेट टूटा हुआ है। बैठक में समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, मंत्री सुनील साहनी, संयुक्त मंत्री अशोक जायसवाल ब्लॉक संयोजक गंगा प्रसाद ठाकुर, सुभाष चन्द्र, अनिल कुमार शुक्ल, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मीना जायसवाल, नीलम सिंह, स्वेता पाण्डेय, गौरी सोनी आदि ने विचार व्यक्त किया।

## शंकरगढ़ के डूडा कॉलोनी में कमरा बंदकर युवक ने लगाई फांसी

**प्रयागराज।** नगर पंचायत के रावण टोला मुहल्ला स्थित डूडा कालोनी में मजदूर ने कमरे में लगे पंखे के चुल्ले में गमछे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना क्षेत्र के रावण टोला मुहल्ला स्थित डूडा कॉलोनी में रविवार की शाम दीपक आदिवासी 28 वर्ष पुत्र स्व.गामा ने कमरे को अंदर से बंदकर पंखे के चुल्ले में गमछे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कमरा बहुत देर से बन्द होने पर भतीजी राखी ने खिड़की से चाचा को फांसी पर लटकता देख शोर मचाया। जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश ने बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे पर लटक रहे दीपक आदिवासी को नीचे उतरवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आस पास के लोगो ने बताया कि उसकी पत्नी 6 माह पहले 3 साल की बच्ची को लेकर मायके चली गई थी और बुलाने पर नहीं आ रही थी। रविवार की शाम वह अपनी मां से शराब पीने का पैसा मांग रहा था। माँ के पैसे न देने पर उसने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बेटे की मौत से मां रो रोकर बेहोश हो जा रही थी।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर कराया लिया बैनामा, मुकदमा दर्ज

## सरकारी भूमि को आबादी की भूमि बताकर हुआ बैनामा

**प्रयागराज।** तहसील सोरांव में इस समय भू माफिया सक्रिय है। किसानों की कीमती जमीन पर डांका डालना या फिर सरकारी भूमि को कब्जा करना भू माफियाओं के लिए आम बात हो गई है। जानकारी के अनुसार उमाशंकर उर्फ लल्लू शर्मा पुत्र सरजू शर्मा निवासी सांगीपुर का आरोप है कि 21 जून को भू माफिया जगदीश केसरवानी पुत्र गुलाब चन्द्र केसरवानी निवासी सांगीपुर थाना होलागढ़ जो कि सोरांव तहसील में विधि व्यवसाय करता है। सरकारी जमीन को आबादी की भूमि बताकर तथा फर्जी तरीके से कब्जा करने कि नियत से पारस नाथ पुत्र केदारनाथ निवासी वृसिंहपुर सराय भारत तथा राहुल सरोज पुत्र जवाहिर सरोज निवासी सुल्तानपुर अकबर (पण्डित का पूरा) जो कि एक समाचार का संपादक भी है। के नाम फर्जी दस्तावेज तैयार करके कूटरचित दस्तावेज बनाकर भुक्तभोगी की जमीन को लिखवा लिए।इतना ही नही लोगों के आंख में धूल डालने के लिए बैनामे में गलत चौहद्दी भी दिखा कर पीड़ित के मकान की फोटो लगाकर बैनामा करवा लिए।मामले में 28 जून को समय करीब 12 बजे दोपहर उपरोक्त भू- माफिया जगदीश केसरवानी पुत्र गुलाब चन्द्र केसरवानी व राहुल सरोज(संपादक) पुत्र जवाहिर सरोज तथा अपने दो अज्ञात साथियों साथ अवैध असलहे से लैस तथा गिरोह बनाकर भुक्तभोगी के घर पर पहुंच गए तथा भुक्तभोगी के निमार्णाधीन मकान को अपनी भूमि बताकर काम को रुकवा दिए। इतना ही नहीं आरोपी राहुल सरोज पत्रकारिता का धौंस दिखा कर जमीन को कब्जा करने की बात कही। तथा माँ-बहन को गालियां देने लगे। और सप्ताह में मकान खाली करने का तुगलकी फरमान देने लगे।तथा मकान खाली न करने पर जान से मारने की धमकी भी दिए। जिसको लेकर भुक्तभोगी ने उप जिला अधिकारी सोरांव डॉक्टर गणेश चंद्र कनौजिया से शिकायत किया। जांच में मामला सही पाए जाने पर राहुल सरोज ,जगदीश केसरवानी संग पारस नाथ के खिलाफ संगीन धाराओं में होलागढ़ थाने पर मुकदमा दर्ज करवा दिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।




## हत्या के मुकदमे से सम्बंधित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**प्रयागराज,बारा।** पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के निर्देशन पर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चंद्र यादव के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक बारा विनोद कुमार व उनकी टीम को हत्या के मुकदमे से सम्बंधित एक आरोपी को गिरफ़्तार करने मे बड़ी सफलता मिली है..। बता दें कि हत्या के शातिर आरोपी कोमल मिश्रा उर्फ आदित्य पुत्र बृजेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम चन्द्रा थाना बारा जनपद प्रयागराज को मुखबिर खास की सूचना पर शनिवार को ग्राम रेही थाना क्षेत्र बारा से गिरफ्तार करने मे बड़ी सफलता मिली है। आरोपी की गिरफ़्तारी मे मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, उ.नि. रामाश्रय यादव, उ.नि.प्र. टीकम सिंह, हे.का. देवेन्द्र सिंह, का. अवधेश कुमार, का. लक्ष्मीकान्त यादव शामिल रहे। आरोपी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया।

## प्रयागराज में छह लाख रुपये मांगी रंगदारी, घर में घुसकर किया हमला

**प्रयागराज।** चिरला मुंजफ्ता गांव में एक व्यक्ति से छह लाख रुपये रंगदारी मांगी गई। इन्कार करने पर घर में घुसकर उस पर हमला किया गया। लाठी-डंडे से पीटने के साथ ही तमंचे के बट से मारा गया। धमकाया गया कि रुपये न देने व मुकदमा वापस न लेने पर जान से मार दिया जाएगा। एयरपोर्ट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है ।चिरला मुंजफ्ता गांव निवासी रमेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के रहने वाले शुभम, सवेंद्र सिंह, सुग्गन सिंह ने पिछले वर्ष अगस्त में दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रुपये न देने पर बम से हमला किया था, जिससे वह जख्मी हो गया था ।पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर आरोपित जमानत पर छूटे तो उससे छह लाख रुपये रंगदारी मांगी। कहा गया कि मुकदमे में छह लाख रुपये खर्च हुए हैं। ऐसे में इसे देना होगा। साथ ही दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस लेना होगा।

# महिला से गालीगलौज, दुपट्टा खींचने के आरोपी अधिवक्ता पर एफआईआर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट के गेट नंबर आठ के पास महिला से गालीगलौज, दुपट्टा खींचने के मामले में कैंट पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी अधिवक्ता रामबहादुर गुप्ता के खिलाफ छेड़छाड़ व गालीगलौज के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया थाघटनाक्रम के संबंध में हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से बार एसोसिएशन को शिकायती पत्र भी भेजा गया। इसमें बताया गया कि हाईकोर्ट के ही एक कर्मचारी की पत्नी अपने पति को छोड़ने आई थी। लौटते वक्त उनकी स्कूटी एक अधिवक्ता की कार से टकरा गई, जिसके बाद हुए विवाद में ही उनसे धक्कामुक्की की गई और दुपट्टा भी खींचा गया ।इस मामले में शुक्रवार देर रात कैंट पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई। तहरीर में बताया गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म ह्यएक्सह्ण पर हुए ट्वीट के संबंध में जांच पर पाया गया कि आरोपी अधिवक्ता की ओर से हाईकोर्ट कर्मचारी की पत्नी के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। साथ ही उनका दुपट्टा खींच लिया गया। एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# गंगा-यमुना में तेजी से बढ़ रहा है जलस्तर, दो तीन दिन बाद और भयावह हो सकती है स्थिति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेश और आसपास के राज्यों में लगातार हो रही बारिश की वजह से गंगा और यमुना के जलस्तर में बढ़त जारी है। शनिवार को दोनों ही नदियों का जलस्तर प्रत्येक चार घंटे में एक सेमी की दर से बढ़ता रहा। सिंचाई विभाग के अफसरों ने बताया कि दोनों ही नदियां अभी चेतावनी बिंदु से काफी नीचे बह रही हैं। फाफामऊ में शनिवार की रात आठ बजे गंगा का जलस्तर 78.51 मीटर रहा। इसी तरह छतनाग में गंगा का जलस्तर 76.79 एवं नैनी में यमुना का जलस्तर 77.55 मीटर रहा। वहीं, 24 घंटे पूर्व फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 78.40, छतनाग में 76.31 एवं यमुना का 76.94 मीटर रहा। उधर, गंगा में बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए संगम पर तीर्थ पुरोहित अपना सामान लेकर अब पीछे हटने लगे हैं।





## माताटीला बांध से छोड़ा गया 1.40 लाख क्यूसेक पानी, प्रयागराज में बढ़ेगी परेशानी

झांसी के बेतवा नदी के बहाव क्षेत्र में लगातार बारिश होने से रविवार तड़के माताटीला बांध के बीस गेट खोल दिए गए। बांध से 1.40 लाख क्यूसेक पानी बेतवा नदी में छोड़ा जा रहा है। इसके बाद प्रयागराज में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। यह पानी दो तीन दिन के बाद प्रयागराज पहुंच सकता है। इससे स्थिति और भी भयावह हो सकती है। हालांकि अलर्ट जारी होने के बाद गंगा-यमुना के किनारे रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने लगे हैं।

## गंगा में मिली जौनपुर के आदित्य की डेड बॉडी की हुई पहचान

**प्रयागराज।** दो दिन पहले यानी शुक्रवार की रात गंगा में डूबे जौनपुर निवासी (मेडिकल रिप्रजेंटेटिव) आदित्य कृष्ण दुबे की डेडबॉडी आज रविवार को हनुमान घाट के पास मिल गई। दो दिनों से लगातार जल पुलिस, गोताखोर और एक एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही थी।खोजबीन के दौरान उसकी डेडबॉडी बरामद हो गई। जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि शनिवार को सरायइनायत के लीलापुर कछार तक खोजबीन कराई गई थी लेकिन पता नहीं चल सका था। आज रविवार को हनुमान घाट पर डेडबॉडी बरामद हुई है।

**मोबाइल के जरिए परिवार वालों को दी जानकारी :** 26 वर्षीय आदित्य कृष्ण दुबे पुत्र प्रभाकर कृष्ण दुबे जौनपुर जनपद के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बैजापुर गांव का रहने वाला था। वह प्रयागराज में झूंसी में रहता था और एक दवा कंपनी में एमआर की नौकरी करता था। शुक्रवार की रात वह काली घाट पर स्नान के लिए गया था। अब वह कैसे डूब गया, यह तो किसी ने नहीं देखा लेकिन सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो वहां से उसकी मोबाइल और घड़ी बरामद हुई। मोबाइल के आधार पर पुलिस ने इसकी सूचना परिवार वालों को दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डॉक्टर, इंस्पेक्टर के घर चोरी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कैंट थाने की हाईप्रोफोइल परिवारों के घर चोरी करने वाले शातिर चोर जितेन्द्र यादव उर्फ लल्ला को गिरफ्तार किया है। उसके पास से सोने की चेन, सोने के सिक्के, 5.38 लाख रुपये, एक स्कूटी बरामद हुई है। मुंगराव थाना हंडिया के रहने वाले राज बहादुर के बेटे जितेंद्र ने एक दर्जन से अधिक चोरियों की बात कबूल की है। शातिर ने म्योराबाद में आयुर्वेद चिकित्सक के घर से कई लाख का माल उड़ाया था। इसी प्रकार कर्नलगंज में पूर्व इंस्पेक्टर के घर चोरी की थी।एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय के मुताबिक, कैंट में कुछ दिनों पहले आयुर्वेद चिकित्सक प्रभात गुप्ता के घर में ताला तोड़कर लाखों की चोरी हुई थी। वे पांच जुलाई को कुशीनगर से लौटे तो म्योराबाद एडीए कॉलोनी स्थित घर में चोरी का पता चला था।

### सोने के गहने, 5.38 लाख रुपए बरामद, 12 चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा



सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर डॉक्टर के घर के बाहर दो संदिग्ध स्कूटी से एक शख्स राउंड मारता नजर आया था। जांच के बाद जितेन्द्र यादव उर्फ लल्ला को पकड़ा गया तो कई बड़ी चोरियों का पता चल गया। उसके खिलाफ 21 मुकदमें चोरी, छिनैती, हत्या के प्रयास दर्ज हैं।

# तीन दिनों तक मौसम रहेगा सुहाना, फुहारों संग जमकर होती रहेगी बारिश



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लगातार बारिश और रिमझिम फुहारों के चलते मौसम सुहावना हो गया है। सावन का महीन शुरू होने के साथ शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। रिमझिम फुहारों के बीच-बीच में तेज बारिश भी हुई। इससे मौसम सुहाना रहा लेकिन कई जगहों पर सड़कों पर किनारे जलभराव हो जाने से शहरी परेशान भी हुए। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी बादल छाए रहने के साथ बारिश के आसार हैं।मौसम विभाग की ओर से रविवार को तेज बारिश का एलर्ट जारी किया गया था। सुबह से इसी तरह का मौसम भी बना रहा।

बीच-बीच में धूप भी निकल जा रही थी लेकिन दिन में करीब एक बजे बारिश शुरू हुई तो रुक-रुक देर रात तक होती रही। शाम को छह बजे बारिश शुरू हो गई जो करीब एक घंटे तक होती रही।कई बार तेज बारिश भी हुई। इससे जार्जटाउन, चंद्रशेखर आजाद पार्क के सामने समेत कई स्थानों पर सड़कों पर किनारे पानी लग गया। इससे आवागमन प्रभावित हुआ। जहां सड़कों का चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण का काम चल रहा है वहां लोगों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। कीचड़ एवं गड्ढों की वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रही। अगले तीन दिनों तक बादल छाए रहने के साथ बारिश के आसार हैं। बुधवार को एक बार फिर बहुत तेज बारिश के आसार हैं।

## माननीय न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे में ग्रामीणों का हस्ताक्षेप से तनाव, तहरीर

**सोरांव।** इलाके के सेवइथ (भुभुई) मोहल्ला में एक पुरानी आबादी की भूमि गाटा संख्या 24 रकबा चार विश्वा करीब चौबीस साल से माननीय न्यायालय प्रयागराज में दीवानी मुकदमा चल रहा है। जिसको लेकर गांव के लोग जमीन को कब्जा करने की नियत से ग्राम प्रधान पर दबाव बनाकर रविवार को इंटरलॉकिंग करवा रहे थे। मामले में वादी करमचंद्र कुशवाहा जो कि जिला न्यायालय में विधि व्यवसाय करते है। मौके पर जाकर ग्राम प्रधान से मुकदमे विचाराधीन होने की जानकारी दिए। हालांकि ग्राम प्रधान ने जमीन पर मुकदमा की जानकारी होने पर काम को बंद करवा दिए। काम बंद होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो आरोप है कि आरोपी गणों ने वादी करमचंद कुशवाहा के घर पर लाठी डंडा लेकर पहुंच गए। तथा मां बहन को गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जिसको लेकर पीड़ित ने 112 नंबर पर फोन करके पुलिस बुला लिया। तब मामला शांत हुआ। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। जिसको लेकर वादी करमचंद कुशवाहा एडवोकेट में विपक्षियों के खिलाफ सोरांव थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कर्रवाही करने और जान माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाया है।

# कॉलोनी से पीएसी कैंप हटाने की मांग पीएसी नहीं,मजदूरों के लिए है श्रमिक बस्ती




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश की औद्योगिक श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने के लिए चलाया जा रहा आंदोलन जारी है। श्रमिक बस्ती, मानस पार्क आंदोलन स्थल पर आज प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक बस्ती का निर्माण मजदूरों के लिए किया गया है। पीएसी के लिए नहीं किया गया था। धरना स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक बस्ती, नैनी में अल्प समय के लिए अस्थाई रूप से पीएसी को कुछ कमरे दिए गए थे। चौथी बटालियन आई और चली गई। 25 वीं बटालियन आई और चली गई। लेकिन 42 वीं वाहिनी के लोगों को उप श्रम आयुक्त प्रयागराज द्वारा श्रमिक बस्ती की 28 बीघा जमीन दिए जाने से टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है और कॉलोनी में रहने वाले श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त है। वक्ताओं ने कहा कि पीएसी के पास फंड है। भारी भरकम वेतन पाने वाले कर्मचारी हैं। यह लोग कहीं भी सरकार से सुरक्षित स्थान लेकर वाहिनी कैंप स्थापित कर सकते हैं। गरीब मजदूरों के लिए बनाए गए अल्प आय वर्ग के कमरों पर पीएसी वाले जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं। मजदूरों के लिए बनाई गई कॉलोनी में अपना स्थाई कैंप स्थापित करना चाहते हैं। जिसकी वजह से नैनी क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सभा को संबोधित करते हुए श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा कि कॉलोनी की 28 बीघा जमीन एवं राजकीय श्रम हितकारी केंद्र, बच्चों के खेल ग्राउंड आदि पीएससी को दिए जाने के विरोध में उप श्रम आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और पीएसी को श्रमिक बस्ती से नहीं हटाया गया तो मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर पीएसी को नैनी से हटाने की मांग की जाएगी। धरना प्रदर्शन आंदोलन में मो शाहिद-अध्यक्ष, नंदकिशोर मिश्र, अमर चंद्र शर्मा, भूपेन्द्र राय, अजमत हुसैन, अरविंद शर्मा, शिशु त्रिपाठी, कमलेश चौहान, शुभम जायसवाल, श्याम सिंह, हरीश कुमार निगम, जगबरन सिंह, उमेश कुमार कुशवाहा, आत्मानंद श्रीवास्तव, अनिल कुमार तिवारी, सत्येंद्र यादव, सोनी तिवारी, कृष्णकांत निषाद, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण गोपाल जी, कविता राय, नितिन

# 400 करोड़ ठगी में फरार निहारिका अस्पताल में

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 400 करोड़ की ठगी कर प्रदेश के हाईप्रोफाइल लोगों को चूना लगाने वाला कंपनी का एमडी अभिषेक द्विवेदी पुलिस रिमांड पर है। रविवार को प्रयागराज के शिवकुटी थाने की पुलिस ने अभिषेक द्विवेदी को नैनी सेंट्रल जेल से रिमांड पर ले लिया। पहले थाने लाकर उससे पूछताछ हुई। अब उसे उसके आवास पर ले जाया गया है।अभिषेक से सबसे अहम सवाल यही रहा कि उसकी फरार पत्नी निहारिका कहां है, क्योंकि निहारिका की तलाश में दो टीमें गोरखपुर, बस्ती आदि जिलों में भटक रही हैं।

पूछताछ में फरार निहारिका के बारे में अहम जानकारी मिली है। अभिषेक ने पुलिस को इतना बताया कि 2 दिन पहले ही उसकी पत्नी मां बनी है। किसी अस्पताल में उसने बेटे को जन्म दिया है। अभी वह ज्यादा बीमार है। ठीक होते ही वह खुद पुलिस के सामने पेश हो जाएगी। कहा जा रहा है कि फरारी के दौरान ही निहारिका गर्भवती थी। हालांकि अभिषेक ने पुलिस को उस जिले और अस्पताल का नाम नहीं बताया है। उसका कहना है कि उसे बेटा होने की बात बताई गई है जो उसने पुलिस को बता दिया।

**17 घंटे की पुलिस रिमांड, घर से खंगाले जा रहे दस्तावेज :**

निहारिका वेंचर्स लिमिटेड कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी की 17 घंटे की रिमांड पुलिस को मिली है। शिवकुटी थाने में पूछताछ के बाद अभिषेक को गोविंदपुर उसके घर ले जाया गया है। वहां बैंक खातों के साथ ही कंपनी से जुड़े दस्तावेज निकाले जा रहे हैं।बताते हैं कि जिन 14 बैंक अकाउंट को पुलिस ने फ्रीज कराया था। उसके अलावा भी कई बैंक खातों की जानकारी घर से मिली है। पुलिस को कई चेक बुक मिली है। एक दो बैंक के लॉकरों का भी पता चला है। इन्हीं बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है।एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय ने बताया-अभी तो पूछताछ की शुरूआत हुई है। हालांकि अभिषेक इतना शातिर है कि वह पुरानी बातों की ही रट लगाए है। उससे जानकारी हासिल की जा रही है।

**22 जुलाई को पानीपत से पकड़ा गया था एमडी :**

प्रयागराज पुलिस ने डेढ़ महीने से फरार चल रहे 400 करोड़ की ठगी के आरोपी अभिषेक द्विवेदी को 22 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अभी उसकी पत्नी निहारिका फरार है। हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार निहारिका वेंचर्स के एमडी और उसके दोस्त को प्रयागराज लाया गया था। उस समय पूछताछ में साफ हुआ था कि इन्वेस्टमेंट कंपनी चला रहे पति-पत्नी ने प्रयागराज के कई बड़े वकीलों और डॉक्टरों के करीब 15-15 करोड़ रुपए इन्वेस्ट करवा रखे हैं।

**एक लाख पर 7 हजार रुपए महीना देता था ब्याज :**

एक लाख पर सात हजार रुपए ब्याज प्रतिमाह देने का वादा कर अभिषेक प्रयागराज समेत कई शहरों के कारोबारियों, वकीलों, डॉक्टरों, अधिकारियों को कंपनी से जोड़कर उन्हें लाभ देने लगा था। फरार होने से पहले अभिषेक ने लोगों को करोड़ों रुपए के चेक दिए थे। हालांकि बहुत सारे चेक बाउंस हो गए। रसूखदार लोगों के करोड़ों रुपए डूबने से खलबली मची है। मामला हाईकोर्ट में भी पहुंच गया है। बस्ती की महिला ने कथित बाबा से मिलवाया पुलिस ने बताया- अभिषेक पर निवेशकों का दबाव पड़ने लगा तो वह फैजाबाद भाग गया। वहां से छह जून को केस दर्ज होने की जानकारी हुई तो वह बस्ती में राजनीतिक दल से जुड़ी महिला ज्योति पांडेय के घर पहुंचा। तो वह एक कथित बाबा के पास लेकर पहुंची।

## नगर में स्वरूपरानी अस्पताल समेत कई स्थानों पर गिरे पेड़

**प्रयागराज।** शनिवार को हवा संग हुई बारिश में स्वरूपरानी अस्पताल के गेट के सामने समेत कई जगहों पर पेड़ गिर गए। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन कई वाहन दब गए। इसके अलावा नवाब युसूफ रोड पर रात में रास्ता भी बाधित हो गया। निर्माण कार्यों के लिए सड़कों पर जगह-जगह खोदाई की गई है। इसकी वजह से पेड़ों की जमीन से पकड़ भी कमजोर पड़ गई है। इसका नतीजा रहा कि शनिवार को बहुत तेज बारिश तो नहीं हुई लेकिन कई जगह पेड़ गिर गए। दिन में बारिश के दौरान एजी ऑफिस के पास पेड़ गिर गया। इससे वहां आवागमन प्रभावित हो गया। नगर निगम की टीम ने जेसीबी से पेड़ हटवाया। दिन में सर्किट हाउस में भी जनरेटर के ऊपर एक पेड़ गिर गया। हालांकि दोनों स्थानों पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# साइबर ठगो ने वकील को कॉल कर 20 हजार की ठगी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक वकील से 20 हजार की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। वकील के पास साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर कॉल की। बताया कि इंजीनियरिंग कर रहा उनका बेटा रेप केस में फंसा है। उनके तीन दोस्त जेल चले गए। बेटे की रोने की आवाज सुनाई : शिवकुटी के आजाद नगर रसूलाबाद के रहने वाले वकील हरेंद्र द्विवेदी ने बताया- शातिरों ने वकील को फोन पर रोने की आवाज सुनाई। कहा- आपका बेटा रो रहा है। जल्दी से रुपए भेजिये। वकील ने जल्दबाजी में 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए। तो और रुपए की डिमांड होने लगी। वकील ने पुलिस और बैंक वालों को फोन किया तो शातिरों ने नंबर बंद

### ठगो ने पुलिस बनकर किया कॉल कहा रेप मामले में बेटा है अरेस्ट, जल्दी रुपए ट्रांसफर करो

कर दिया। शिवकुटी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**एसआई बनकर किया कॉल :** हाईकोर्ट वकील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पास वॉट्सऐप नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम रक विजय कुमार बताया। कहा कि आपके बेटे आदित्य को बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से पकड़ लिया गया है। रेप के मामले में 3 छात्रों को जेल भेजा गया है। उन्हीं लड़कों ने आपके बेटे का नाम बताया है।

**20 हजार किए ट्रांसफर :** आदित्य भी घटना में शामिल है। वकील ने विरोध किया तो कहा गया कि लीजिए अपने बेटे से बात करिये। वकील ने पुलिस का बताया कि फोन पर एक लड़के रोने की आवाज आ रही थी। यह आवाज हूबहू उनके बेटे की लगी। बेटे से कई बार बात कराया गया। इसके बाद कहा गया कि तत्काल 20 हजार रुपए अकाउंट में डालिये।

**और रुपए की डिमांड की :** वकील ने पुलिस का बताया कि 20 हजार रुपए अकाउंट में डालने के बाद एसआई ने कहा कि अधिकारी नहीं मान रहे हैं। इसलिए और रुपए ट्रांसफर करने होंगे। जो अकाउंट नंबर दिया गया वह किसी जमशेद अंसारी के नाम पर था।20 हजार रुपए डालने की रसीद भी फोन पर मांगी गई। इसके बाद और रुपए की डिमांड होने लगी। अंत में उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो फोन बंद हो गया। शिवकुटी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में 15 अगस्त को शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा की बैठक हुई। समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार के निवास चक रघुनाथ नैनी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि तिरंगा यात्रा इस बार न्यू त्रिवेणी गेस्ट हाउस ए डी ए मोड़ नैनी से सुबह दस बजे प्रस्थान करेगी जो मिजार्पुर रोड़ से शंकर ढाल से नैनी बाजार के अंदर से प्रवेश करके नैनी स्टेशन के से निकलकर हनुमान नगर होते हुए मेवालाल की बगिया से निकलकर शिर्डी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटिड के गेट नंबर एक पर समाप्त होगी। बैठक में पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेस जायसवाल, सुधीर पाण्डेय, बिपिन पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय आजाद, गोलू सिंह, दिलीप शुक्ला, अरविंद दुबे, धर्मराज पटेल, हिमांशु शर्मा, बंटी पटेल विश्वास राठौर और राकेश गुप्ता बच्चा शामिल रहें।



# सीएमपी कॉलेज में पुरा छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय में रविवार को पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के विकास और आगामी परियोजनाओं की रूप रेखा से अवगत कराया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे के. पी. ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिन्हा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के उन्नति में सभी को सहभागी बनने का आह्वान किया। तदुपरांत एलुमनी एसोसिएशन सी. एम. पी. कॉलेज के अध्यक्ष एवं 1956 बैच के स्नातक प्रो. के के भूटानी ने अपने उद्बोधन में छात्र जीवन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि सी. एम.पी. महाविद्यालय ने ही उनके उतरोतर विकास का मार्ग प्रशस्त किया।मुख्य अतिथि जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, ने अपने महाविद्यालय में बिताए गए दिनों को याद किया।




गेस्ट ऑफ ऑनर जस्टिस सुरेन्द्र सिंह, पूर्व, जज, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ने अपने समय को याद करते हुए 1980 के दशक के महाविद्यालय के परिस्तिथियों को रखा, छात्र और महाविद्यालय के विकास में स्पोर्ट्स की भूमिका को रेखांकित किया।

प्रो. राम किशोर शास्त्री, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद ने कहा की मैं जो भी आज हूं उसका पूरा श्रेय महाविद्यालय को जाता है। उन्होंने तत्कालीन छात्र राजनीति में महाविद्यालय की भूमिका को याद करते हुए कहा कि महाविद्यालय, इलाहाबाद के छात्र राजनीति का केंद्र हुआ करता था। वरिष्ठ एडवोकेट विद्या भूषण उपाध्याय, छात्र संघ, सी. एम. पी. के प्रथम अध्यक्ष ,1962 ने अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने छात्र- शिक्षक संबंध को पारिवारिक बनाने पर जोड़ दिया। डॉ. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य, सी. एम. पी., कॉलेज,प्रो. रविन्द्र धर, पदार्थ विज्ञान, इलाहाबाद विश्वविद्याल, प्रो. प्रकाश सिन्हा, प्राचीन इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो . संदीप मल्होत्रा, प्राणी विज्ञान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय मशहूर कवि श्लेष गौतम, शपूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, रघुनाथ द्विवेदी इत्यादि ने भी अपने स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान पुरा छात्रों को प्राचार्य के द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वार एलुमनी से जुड़े स्मृति को सहजने की लिए एक पुरा छात्र गैलरी का उदघाटन किया गया। ज्ञात हो कि सी. एम. पी. महाविद्यालय की स्थापना सन 1950 में हुआ था और महाविद्यालय सत्र 2024-2025 को हीरक जयंती के रूप में मना रहा है। सम्मेलन में 1956 से लेकर हाल के वर्ष तक के पुरा छात्र देश के विभिन्न भागों से शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र श्रीवास्तव, महासचिव, सी एम पी कॉलेज एलुमनी वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ. ऋतु रघुवंशी ने किया। इस मौके पर सौ से ज्यादा पूर्व छात्र , महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विशाल श्रीवास्तव एवं डॉ. रमेश भारती जी का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सुमित पंवार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के कुशल मार्गदर्शन में 14 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय के साथ साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री0 लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद, एन०आई०एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली. मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व दाखिल खारिज, वरासत, खतौनी व बेदखली, चकबन्दी, श्रम, स्टैम्प आदि अन्य मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उन्होने समस्त वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे जनपद न्यायालय प्रतापगढ़, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत. उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट न्यायालयों, तहसीलों, व खण्ड विकास कार्यालयों, नगर पंचायत कार्यालयों, बिजली से सम्बन्धित मामले, ई. चालानी से सम्बन्धित मामले, बाट माप से सम्बन्धित मामले, खनन से संबंधित मामले व जनपद के अन्य न्यायालयों अथवा विभागों में लम्बित मामलों को सुलभ समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को सन्दर्भित करायें। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें धन और समय दोनों की बचत होती है एवं इसमे न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है तथा मामले त्वरित गति से निस्तारित होते है।

## दो दिवसीय चेस क्लस्टर मीट का आयोजन आज से

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय नारायनपुर में सोमवार से दो दिवसीय चेस क्लस्टर मीट का आयोजन किया गया है। यह संकुल स्तरीय खेल है। इसमें वाराणसी संकुल के नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी आएंगे। दो दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में वाराणसी संकुल के जवाहर नवोदय विद्यालय अंबेडकर नगर, अमेठी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, कौशांबी, मिजार्पुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र तथा सुलतानपुर की टीमें प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम लालगंज शैलेंद्र कुमार वर्मा होंगे। नवोदय के प्रधानाचार्य संत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 9.30 बजे मुख्य अतिथि करेंगे। इसमें बालक और बालिकाओं के तीन ग्रुप होंगे जिसमें अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 आयु के होंगे। प्रत्येक वर्ग में चयनित एक वर्ग से एक खिलाड़ी क्षेत्रीय स्तर के खेल खेलने के लिए नवोदय विद्यालय फतेहपुर जाएंगे। एक वर्ग से एक बालक और एक बालिका का चयन होगा। कुल छह बालक और छह बालिकाएं चयनित की जाएंगी।

## डी फार्मा कोर्स के नाम पर ठगे गए छात्रों ने पुलिस को दी तहरीर- संग्रामगढ़ थाने पहुंच कर आरोपी प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की किया मांग

**परियावां, प्रतापगढ़।** बीफार्मा, डीफार्मा के नाम पर संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के इलाके के एक व्यक्ति ने आसपास के छात्रों से दाखिला कर लिया और इसके नाम प्रमाण पत्र देने के नाम पर कई लाख रुपए भी वसूल कर लिए। लगभग चार साल बीत जाने के बाद भी आज तक किसी छात्र को प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है, जिससे नाराज छात्रों ने संग्रामगढ़ थाने पहुंचकर आरोपी प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना प्रभारी को तहरीर दिया।

बता दें कि रविवार को संग्रामगढ़ थाने में दर्जन भर से अधिक छात्र पहुंचे और थाना प्रभारी को छात्रों ने इस संबंध में शिकायत पत्र दिया कि क्षेत्र के रुकैयापुर के रहने वाले आरोपित युवक ने कई छात्रों से डीफार्मा और बीफार्मा करने के नाम पर दाखिला कराने के लिए पैसा लिया और कहा कि उनका क्लास शांतिपुरम प्रयागराज स्थित एक कॉलेज में चलेगा, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद न तो कभी छात्रों की क्लास चली और न ही छात्रों को कोई प्रमाण पत्र दिया गया जिससे छात्रों को ठगी जाने का एहसास हुआ। इस पर छात्रों ने आरोपी जालसाज प्रबंधक पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस मामले की छान बीन मे लगी हुई है।

## चेकिंग अभियान में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार- पुलिस ने तमंचा व कारतूस किया बरामद

**प्रतापगढ़।** क्षेत्राधिकारी रानीगंज के कुशल मार्गदर्शन में थाना रानीगंज पुलिस द्वारा प्रभावी चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तगण गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व चा जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक अवैध तमंचा 12 बोर व तीन जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। एक मोटर साइकिल अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।

बता दें कि बीती रात्रि में थाना रानीगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान क्षेत्रान्तर्गत शेखूपुर पुल के पास से एक मोटर साइकिल के साथ तीन अभियुक्तों को दो अवैध तमंचा व सात कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया तथा बरामद मोटर साइकिल को सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में धर्मराज यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी ग्राम बिराहिमपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, मनोज यादव पुत्र मोहन लाल यादव निवासी ग्राम बिराहिमपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ व विजय यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी ग्राम बिराहिमपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे। पुलिस टीम में उ0नि0 फिरोज खान मय हमराह उ0नि0 हे0का0 प्रदीप कुमार राय, का0 अरूण कुमार, का0 मुकेश पटेल थाना रानीगंज शामिल रहे।

**हत्या का प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व में थाना रानीगंज के उ0नि0 गिरजा प्रसाद सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रानीगंज में पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी ग्राम आमापुर बेर्रा (मधवापुर) थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

**वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा**

प्रतापगढ़.। एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अभियुक्तों की गिरफ्तारी लगातार जारी है। इसी क्रम में एएसपी (पश्चमी) व क्षेत्राधिकारी कुण्डा के कुशल मार्गदर्शन में थाना कुण्डा पुलिस द्वारा तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। हत्या का प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त रंजीत उर्फ कल्लू को ग्राम मोती का पुरवा मोड़ बानेमऊ थाना कुण्डा से गिरफ्तार किया गया।

# सेवा और सहभागिता का नाम रोटरी क्लबः डा० सलिल

### – रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के पदस्थापना समारोह में बोले मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल



**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि समाज सेवा और सहभागिता दोनो में रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल का कोई तोड़ नहीं है। शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ से लेकर पौधरोपण और रक्तदान जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को हर जगह जिले के रोटरी क्लब का योगदान रहता है। उन्होंने अंगदान जागरुकता कार्यक्रम को भी अपने एजेंडे में शामिल करने की अपील रोटरी क्लब से की हैं।

डाक्टर सलिल रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के पदस्थापना समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में ये बातें कहीं। रोटरी क्लब की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया। नगर के एक होटल में आयोजित समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए सुल्तानपुर से आए रोटेरियन और रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के संस्थापक विजय सेठ ने कहा कि रोटरी अंतराष्ट्रीय संस्था है। जिसका उद्देश्य सेवा है। इस मौके पर रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। जिसमें अश्विनी केसरवानी अध्यक्ष, शरद केसरवानी सचिव, अख्तर मसूद उपाध्यक्ष, उमेश प्रताप सिंह संयुक्त सचिव, संदीप खरे कोषाध्यक्ष, डाक्टर आलोक सक्सेना कम्यूनिटी सर्विस, डाक्टर घनश्याम अग्रवाल इंटर नेशनल सर्विस, राजेंद्र खंडेलवाल यूथ सर्विस, डाक्टर बीपी मिश्रा शिक्षा सर्विस और सरदार कर्मजीत सिंह ने क्लब सर्विस पद की शपथ ली। निवर्तमान अध्यक्ष डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य ने क्लब द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। समारोह में सुलतानपुर से आए रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर संगीता श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में रो. डॉ. रवि त्रिपाठी, रो. डॉ. पूजा शुक्ला, रो. संदीप श्रीवास्तव,रो. संजय केसरवानी, रो. डॉ. अभिषेक पाण्डेय, रो. राकेश अग्रवाल, आकाश सेठ, डॉ दीपिका केसरवानी, डॉ. सादिक, श्रीमती सबाहत, विभा केसरवानी,रचना सक्सेना, कृष्णा खण्डेलवाल, कविता केसरवानी, पूनम केसरवानी, सरोज सिंह, मोनिका खरे, डॉ. प्रीति पाण्डेय, प्रत्यूष केसरवानी और संकल्प खरे समेत कई लोग उपस्थित थे। संचालन शरद केसरवानी ने किया।

# अगस्त क्रांति दिवस पर सपा चलाएगी सदस्यता अभियान

### *सपा कार्यालय पर हुई मासिक बैठक*



**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर मासिक बैठक आहूत की गई थी। अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गुलशन यादव व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस मौके पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गुलशन यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के नेतृत्व में 9 अगस्त 2024 (अगस्त क्रांति दिवस) से सदस्यता अभियान, छात्र नौजवान जागरूकता अभियान के कार्यक्रम सुचारू रूप से शुरू होंगे। ये कार्यक्रम 10 सितंबर तक चलेगा जिसमें समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान, विश्वविद्यालय और महाविश्वविद्यालय में शिविर, छात्र सम्मेलन, शिक्षक समारोह सम्मेलन, सगोष्ठी वर्तमान राजनीति में छात्र–छात्राओं एवं युवाओं की भूमिका, मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान करना जैसे कार्यक्रम 9 अगस्त से शुरू होकर 10 सितंबर तक चलेगा। इस मौके पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने कहा कि इस समय की सरकार गरीबों का उत्पीड़न कर रहे। अभी हाल ताज में नजूल बिल पास कर दी जो की गरीबों का उत्पीड़न करने वाला बिल है। जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा कि नजूल बिल से वह सरकारी जमीन फ्री होल्ड हो जाएंगे और जिसे मौजूदा सरकार अपने बड़े–बड़े कोऑपरेटिव दोस्तों को गिफ्ट करेगी। इस मौके पर विशिष्ट आमंत्रित सदस्य गुलफाम खान, जावेद खान, रमेश पाठक, रामधन यादव, उमंग यादव, शफात अहमद, अनिल यादव, राजेश यादव, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, मनीष पाल, संदीप पटेल, अहमद अली, साबिर अली,हरीश शुक्ला, अब्दुल हाई, धर्मराज सिंह लालू, उर्मिला यादव, महिमा गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से संविदा विद्युत कर्मी की मौत – परिजनों में मचा



**पट्टी, प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से संविदा विद्युत कर्मी की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गड़ौरी गांव के रहने वाले अजय पाल रविवार को रमईपुर नेवादा गांव में बिजली के गिरे तार को ठीक करने के लिए गया था। इस दौरान वह अचानक बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया जहां पर जांच के उपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। विद्युत कर्मी के मौत की सूचना परिजनों को हुई तो परिजन रोते-बिलखते सीएचसी पहुंचे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पट्टी थाने के उपनिरीक्षक संतोष पासवान ने मृतक संविदा विद्युत कर्मी के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### बिजली विभाग में संविदा पर तैनात कर्मियों की पोल पर काम करते समय मौत कब तक?

**प्रतापगढ़।** बिजली विभाग में आखिर लापरवाही की भेंट कब तक चढेंगे बिजली विभाग में तैनात संविदाकर्मी? आये दिन संविदाकर्मियों की पोल पर काम करने के दौरान अचानक बिजली विभाग कर्मियों के द्वारा बिजली दे देने से पोल पर काम कर रहे संविदाकर्मी की दर्दनाक मौत हो जाती है। हर बार आखिर ऐसा क्यों होता है। जब संविदाकर्मी पावर हाउस पर जानकारी देने के बाद बिजली कटवाकर अपने गंतव्यों को बढता है और पोल पर चढकर लाइन की ठीक करता है। तो पोल पर चढे संविदाकर्मी को बताये बगैर कैसे पावर हाउस से बिजली दे दी जाती है, जिसके कारण उसकी दर्दनाक मौत हो जाती है। आखिर ऐसे लापरवाह बिजली कर्मचारियों के उपर कोई कडी कार्यवाही क्यों नहीं होती है। हर बार लापरवाही से मौतें हो रही हैं, इन सब से बिजली विभाग सीख क्यों नहीं लेता है। बस मृतक संविदाकर्मी के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर सबकुछ भुला देना यह कब तक चलता रहेगा? हर बार लापरवाह बिजली कर्मचारी कोई कठोर कार्यवाही क्यों नहीं होती है? बडा सवाल यह आमजनमानस में चल रहा है।

## उत्तराखंड के डांस चैंपियनशिप में बेल्हा के बच्चों ने हासिल किया पदक




**प्रतापगढ़।** उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित दो दिवसीय नेशनल डांस स्पॉट चैंपियनशिप में यूपी की टीम अव्वल रही, जिसमें प्रतापगढ़ के किंग अमितेश डांस एकेडमी के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। एकेडमी से 10 बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिसमें परी, नीति, अभिनव, संस्कार, अनन्या, आयुष, अक्षत, लक्ष्य, ओम, जारा शामिल रहे। इसमें सात बच्चों ने स्वर्ण एवं तीन बच्चों ने रजत पदक हासिल किया। डांस स्पोर्ट्स काउंसिल आफ इंडिया एवं उत्तराखंड डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर कर सम्मानित किया गया। नैनीताल में चैंपियनशिप में 14 राज्य के बच्चों ने प्रतिभाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अभिनेता अमितेश श्रीराम, प्रशिक्षक विराज, सम्राट, श्रेय ने बधाई देते उनके हुनर को सराहा।

## शहीद उद्यान में मनाया योगी बालकृष्ण का जन्मदिवस, बांटे गए औषधीय पौधे



**प्रतापगढ़।** शहर के शहीद उद्यान (कम्पनी बाग) में आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस मनाया गया। आचार्य के जन्मदिवस पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के पांचों संगठनों के कार्यकर्ता एक साथ उपस्थित रहकर सामूहिक रूप से औषधीय पौधों को शहीद उद्यान में वृक्षारोपण किया और औषधीय पौधों का जन सामान्य में वितरण किया गया। इस अवसर पर पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रभारी कृष्ण कुमार, भारत स्वाभिमान की प्रभारी भूपेंद्र, पतंजलि योग समिति प्रभारी गोविंद खंडेलवाल, भारत स्वाभिमान संगठन सचिव धीरज उपाध्याय, ओमप्रकाश, संत, राजेश इत्यादि सदस्यों के द्वारा पौधों के संरक्षण, पौधरोपण और पर्यावरण के सन्तुलन विषयक वक्तव्य दिया गया। आज इस अवसर पर गिलोय, तुलसी, एलोवेरा, नीम, पीपल, नागदोन इत्यादि पौधों का वितरण किया गया।

## दिल्ली कोचिंग केंद्र जैसे हादसे के इंतजार में प्रशासन- कई संस्थाओं में एक प्रवेश बिंदु, संचालकों पर नही होती है कार्रवाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले में कई ऐसे शिक्षण व अन्य संस्थाएं है जहां पर सिर्फ वन एंट्री प्वाइंट है, फिर भी फायर विभाग ने उन्हें एनओसी कैसे दे दी? दिल्ली कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद भी प्रशासन की आंखे नही खुल रही है।

स्थानीय क्षेत्र में कई शिक्षण व अन्य संस्थान ऐसे हैं कि जो फायर विभाग के मानक को पूरा करते दिखाई नही देते हैं, फिर भी उन्हें फायर की तरफ से एनओसी मिल गई है। यदि ऐसा न होता तो संस्थान के जो नेचर है उन्हे वह विभाग कार्य करने की मान्यता न देता, क्योंकि किसी विभाग से मान्यता के लिए फायर एनओसी जरूरी होती है। अब यहां मानक भी नही पूरा फिर भी जिस क्षेत्र में संस्थाएं कार्य कर रही है वहां से उन्हें मान्यता भी मिल गई है। जबकि कोई भी संस्था हो उसमें दो द्वार हो और वह भी एक दूसरे के विपरित हो, यही नहीं संस्था के चारो तरफ 17 फिट की सड़कें भी होनी जरूरी है। यह दो शर्ते फायर एनओसी के लिए अति आवश्यक होती है, शर्त पूरी ना होने पर किसी भी संस्थानों को फायर एनओसी नियमता नही दी जा सकती है, लेकिन यहां तो बिना मानक पर खरे होने के बावजूद मिली फायर एनओसी पर विराम लगता दिखाई दे रहा है।


वहीं प्रशासन दिल्ली कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद भी नही चेत रहा है। प्रशासन की लापरवाही किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देती हुई दिखाई दे रही है। इस संबंध में एसडीएम ने बताया की फायर सेफ्टी की दुबारा जांच होनी चाहिए।

**लापरवाही में हो चुकी है 13 मौतें**

लालगंज, प्रतापगढ़। दिल्ली ही नही प्रतापगढ़ मुख्यालय पर भी कई घटनाएं हो चुकी है। जिसमें दर्जन भर लोग जान गवां चुके है। घटनाओं के बाद भी प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। अभी हाल में ही एक होटल में एलपीजी सिलेंडर फटने से भगदड़ मच गई थी। हलांकि बड़ी घटना होते–होते बच गई थी। यही नहीं जून 2015 में शहर स्थित एक होटल में लगी आग की चपेट में आने से 13 लोगो की जान भी जा चुकी है। तमाम घटनाओं को देखते हुए भी प्रशासन ऐसी संस्थाओं के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नही कर रहा है।

# जिला उमरवैश्य समाज सभा का चुनाव 15 सितंबर को

## रोशनलाल व रामजी नियुक्त हुए पर्यवेक्षक



**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की एक आवश्यक बैठक चिलबिला उमरवैश्य धर्मशाला में जिला अध्यक्ष गुलाब चंद्र उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज सभा का कार्यकाल समाप्त होने पर चुनाव कराने की सहमति बनी। सभी के सहमति से 15 सितंबर को चुनाव की तिथि निश्चित की गई। चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए चुनाव समिति बनाई गई। जिसमें रोशनलाल उमरवैश्य व रामजी उमरवैश्य को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।

चुनाव अधिकारी श्री राम जी उमरवैश्य, विश्वनाथ, राम अजोर, रामविलास, हनुमान प्रसाद, देवेंद्र कुमार एवं नारायण दास को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 25 अगस्त को वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। सभी चैधरीगण के मिलान के बाद वोटर लिस्ट जारी की जाएगी एवं 15 सितंबर को जिला अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जाएगा। बैठक में विश्वनाथ, राम जी, अध्यक्ष गुलाबचंद, महामंत्री शोभनाथ, कोषाध्यक्ष मदनलाल, जवाहरलाल, महादेव, कैलाश मैनेजर, देवेंद्र गुप्ता, हनुमान प्रसाद, अजय कुमार, रमेश, दीपक सभासद, रमेश दुगार्गंज, रामजी, नारायण दास, राम अजोर, रामविलास, पारस नाथ,बसंत लाल आदि समाज के पदाधिकारी एवं चैधरीगण उपस्थित रहे। संचालन शोभनाथ उमरवैश्य व आभार ज्ञापन मदनलाल उमरवैश्य द्वारा किया गया।

## किसुनदासपुर गांव में छह दिनों से बिजली के लिए मचा हुआ हाहाकार- ट्रांसफार्मर न बदलने से ग्रामीणो मे पनप रहा आक्रोश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि ग्रामीण क्षेत्र मे जला ट्रांसफार्मर को 24 से 72 घंटे के अंदर बदल कर आपूर्ति बहाल किया जाय नही तो जिम्मेदार अधिकारी की खैर नही है लेकिन कालाकांकर पावर हॉउस के क्षेत्र किसुनदासपुर गांव में विगत 30 जुलाई को 63 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने से पानी बिजली के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लगातार 6 दिनों से बिजली के न आने से दर्जनों बूढ़े बच्चे लोग आये दिन बीमार हो रहे है।

ग्रामवासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के न बदले जाने से गांव मे पानी व बिजली के लिए हाहाकार मचा हुआ है ।

अब तक कई लोग बीमार हो चुके हैं विभाग ने अभी तक जला ट्रांसफार्मर नही बदला जब कि पिछले दिनों हिनाहू गांव के लाल सिंह का पुरवा मे ग्रामीणो ने पावर हॉउस मे जाकर जमकर नारे बाजी किया था जिस पर एसडीओ अरुण कुमार वैश्य ने तत्काल 63 केवी का ट्रांसफार्मर मगाकर आपूर्ति बहाल कराया लेकिन किसुनदास गाव मे 144 घंटा बीत जाने के बाद ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका है। इतना ही नही गांव में लगभग 15 दिनों से जल निगम की पानी सप्लाई की पाइप लाइन भस्ट होने से पानी नही मिल पा रहा है। ग्रामसियों ने जिलाधिकारी संजीव रंजन व अधिशासी अभियंता से गांव की छह दिनों से बंद पड़ी बिजली आपूर्ति बहाल करने की गुहार लगाई है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य के पति की सिर कूच कर हत्या

अखंड भारत संदेश

## मृतक के शव के पास में एक मोटरसाइकिल स्टैंड पर खड़ी थी





**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के पंसौर गांव के भीटा के पास क्षेत्र पंचायत सदस्य के पति की सिर कूच कर हत्या कर दी गई है घटनास्थल पर चारों ओर खून बिखरा हुआ है मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई बताया जाता है कि युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ बीती रात 9:30 बजे गांव के शराब ठेके पर देखा गया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के मलाक नागर निवासी जय सिंह पटेल विकलांग उम्र 35 वर्ष पुत्र बुधाई शरीर से विकलांग है वह बिजली मिस्त्री का काम करता है बीती रात्रि 9:30 बजे लगभग जय सिंह पटेल अपने दो अन्य साथियों के साथ गांव की शराब दुकान पहुंचा था जहां लोगों ने तीनों को एक साथ देखा है पास में किसी यूरिया प्लांट में भी मृतक और उसके साथी पानी लेने गए थे जहां उन लोगों ने भी तीनों को साथ में देखा है लोगों ने बताया कि शराब ठेके के बाद किसी लालचंद और राजू नाम के व्यक्ति के साथ वह कहीं जा रहा था उसके बाद विकलांग घर वापस नहीं पहुंचा पूरी रात परिजनों ने भी जय सिंह पटेल की खोज भी नहीं की मृतक जयसिंह पटेल के साथ में मौजूद दोनों युवकों ने भी जय सिंह पटेल के बारे में पूरी रात किसी को कुछ नहीं बताया है जय सिंह पटेल के घर न पहुंचने के बाद मामले की सूचना रात में थाना पुलिस को भी नहीं दी गई है सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर भीटा के पास सिर कूच कर फेंकी गई एक लाश देखी है शव के पास में एक मोटरसाइकिल स्टैंड पर खड़ी थी बड़ी बेरहमी से युवक का कत्ल किया गया है घटनास्थल पर चारों ओर खून बिखरा हुआ है मामले की सूचना जंगल की आग की तरह चारों तरफ फैल गई जानकारी मिलने के बाद मौके पर सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर थाना पुलिस भी पहुंच गयी और लोगों से पूछताछ की है पूछताछ के दौरान मृतक की पहचान जयसिंह पटेल के रूप में हुई है बताया जाता है कि मृतक की पत्नी सुशीला देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जय सिंह पटेल की हत्या क्यों की गई है शराब ठेके में उनके साथ दोनों युवक बिजली विभाग के लाइनमैन है मृतक के तीन लड़के और एक लड़की है जिनका रो-रो कर हाल बेहाल है।

### क्षेत्र पंचायत सदस्य के पति की हत्या में एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के पंसौर गांव के पास भीटा में शनिवार की रात मलाक नागर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य सुशीला देवी के पति जय सिंह पटेल विकलांग की सिर कूच कर हत्या कर शव को भीटा के पास फेंक दिया गया था पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और एक आरोपी लालचंद को गिरफ्तार कर लिया है जिससे पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया है दूसरे हत्या आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में पुलिस लगी है।

# बेटी के पिता ने सिपाही पर मनीषा की हत्या का लगाया आरोप

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के गुलामीपुर गनपा निवासी दिनेश सोनकर की बेटी मनीषा की शादी 15 फरवरी 2023 को प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर के मोहम्मदापुर गाव निवासी प्रदीप सोनकर के साथ हुई थी प्रदीप बलिया जिले में पुलिस कांस्टेबल के पद पर तैनात है सिपाही की पत्नी मनीषा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मौत होने के बाद बेटी खोने वाले पिता का दर्द छलक पड़ा है वह बोले कि उनका दामाद बड़ा नौटंकीबाज है बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर मार दिया है मनीषा की मां बोली कि हमें बेटी की मौत का इंसाफ सरकार दिलाए मृतक मनीषा के घरवालों ने पति समेत सास ससुर ननद पर दहेज के लिए बेटी को मौत के घाट उतारने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने एसपी कौशाम्बी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ दिलाने की मांग उठाई है हैरानी की बात यह है कि प्रदीप द्वारा अस्पताल में मौत का शिकार होने वाली मनीषा के शव का पीएम न कराना एक सोची समझी रणनीति हिस्सा बताया जा रहा है बलिया थानेदार सुल्तानपुर दिनेश पाठक पर पत्नी के इलाज के लिए छुट्टी न देने का आरोप सिपाही प्रदीप सोनकर ने लगाया है माँ उर्मिला सोनकर ने बताया कि बेटी मनीषा की शादी तय हुई उसके बाद से ही उसके ससुराल वालो ने नाटक नौटंकी करना शुरू कर दिया था। गोद भराई की रस्म मे बड़ा नाटक किया। लड़की के माँ बाप होने के चलते सब्र कर लिया। तिलक समारोह मे दामाद व उसके पिता ने कार बोलेरो की मांग कर खूब रिश्तेदारों के सामने इज्जत उछाली। बड़ी मुस्किल से दामाद व उसके घर वाले बुलेट के लिए राजी हुए। बाद मे 3 लाख रुपये नकद तिलक मे लेकर विवाह को तैयार हुए। जिस दिन बारात लेकर दामाद आया। उस दिन दामाद ने दहेज को लेकर नाटक कर उसके घर का खाना नहीं खाया। उसने बाहर से मंगा कर नाश्ता किया। शादी के बाद से वह कभी हमारी इज्जत नहीं करता। बेटी के ससुराल गए तो बात तक कभी नहीं किया। बेटी मनीषा को पति प्रदीप सोनकर से 6 माह पहले एक बेटी हुई है पिता दिनेश सोनकर ने बताया, उसका दामाद पुलिस विभाग के सिपाही है। वह बड़ा नौटंकीबाज है। शादी से ही वह नाटक करता चला आ रहा है बेटी मनीषा को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था मैंने इसकी शिकायत पूर्व मे बलिया के एसपी से किया था। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब उसने बेटी मनीषा को दहेज के लिया मार डाला है।

# बेहोश यात्री को बस चालक ने सड़क पर उतारा हुई मौत

## बस में नीरज के साथ क्या हादसा हुआ किस बस चालक -परिचालक ने सड़क पर यात्री को उतारा



**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज तिराहे पर एक बस चालक ने यात्री को बेहोशी हालत में बस से सड़क पर उतार दिया है बेहोश यात्री के बस से उतारे जाने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की जानकारी मिलते ही आसपास सड़क पर ठेलिया लगाने वाले लोगों ने घटना की जानकारी एम्बुलेंस और पुलिस को दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस से बेहोश व्यक्ति को इलाज के लिए मूरतगंज अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी अधेड़ की मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के भतीजे ने पुलिस को सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के साढो गांव निवासी नीरज मिश्रा उम्र 34 वर्ष पुत्र अवधेश मिश्रा प्रयागराज की बस में सवार होकर कहीं जा रहे थे बस के अंदर नीरज बेहोश हो गए जैसे ही बस मूरतगंज के तिराहे पर पहुँची बस यात्री नीरज मिश्रा को बेहोशी हालत पर चालक परिचालक ने बस से नीचे उतार दिया है बेहोशी हालत में नीरज सड़क पर गिर पड़े हैं आसपास के लोगों ने मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने नीरज को मूरतगंज अस्पताल पहुंचाया है जहां चिकित्सक ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया है बस में नीरज के साथ क्या हादसा हुआ है बस चालक कौन था किस चालक ने सड़क पर यात्री को उतारा है यह पुलिस की जांच का विषय है मामले की जानकारी मृतक के घर पहुंची है जानकारी मिलने के बाद उनका भतीजा मूरतगंज पहुंच गया है उसने बताया कि उसके चाचा नीरज कई वर्षों से घर में नहीं रहते हैं और वह घर के बाहर रहते थे घटना कैसी हुई है इस बारे में वह कुछ नहीं बता सके हैं मृतक के भतीजे रामकुमार मिश्र ने पुलिस को सूचना दी है।

## यमुना में डूबा युवक सकुशल स्वस्थ हुआ बरामद

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना के उमरवल गांव के रहने वाले राकेश साहू उर्फ. रितेश उम्र 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिवलाल 4 अगस्त को यमुना नदी में स्नान करने हेतु गए थे, पानी के तेज बहाव में बहकर वह लापता हो गए हैं,सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी अतुल रंजन तिवारी मय फोर्स के मौके पर पहुँचे लापता व्यक्ति के तलाश बरामदगी के लिए गोताखोरों की मदद से हर संभव प्रयास किए गए जिसके परिणाम स्वरूप लापता व्यक्ति को पिपरहटा घाट से सकुशल स्वस्थ्य बरामद कर लिया गया है। जिसको उसके परिजनों के सुपुर्द पुलिस द्वारा कर दिया गया है तथा मौजूद ग्रामीणों को यमुना नदी के बढ़ते हुए जलस्तर की दृष्टिगत सतर्क एवं सावधानी बरतने के संबंध में बताया गया।

# फंदे पर लटक कर अधेड़ ने की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में लाखो रुपए का कर्ज लेकर परेशान अधेड़ ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली है। अधेड़ का शव घर के सीलिंग फैन के चुल्ले मे लटका हुआ मिला है।घटना की सूचना कर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक अधेड़ के शव कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक निजी कंपनियों के लिए कर्ज को चुकता न कर पाने से अधेड़ बेहद परेशान था परिवार के मुताबिक कर्ज वापस करने के लिए कई बार कंपनी के एजेंट उसके घर मे ताला लगा कर कब्जा की कोशिश कर चुके थे। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर स्थित कांशीराम कालोनी के कमरे मे हरिश्चंद्र उम्र 45 लगभग पुत्र स्व विक्रम रहता था। परिवार में उसकी पत्नी मीना देवी व बच्चे श्रीचन्द्र, उदय चन्द्र व बेटी आरती है। हरिश्चन्द्र का परिवार बेहद गरीब है। वह किराए पर ई रिक्शा लेकर चलाता है। उसकी पत्नी घर के खर्च मे हाथ बटाने के लिए दूसरों के घरो मे चूल्हा चौका करती है। परिवार के लोगों के मुताबिक सीलिंग फैन से लटक कर अधेड़ ने आत्म हत्या कर लिया है।

# आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**कौशाम्बी** जिले में देर शाम आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया,मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा जहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना करारी थाना क्षेत्र के गुवारा गांव के पास ले है जहा भैला मखदूमपुर निवासी विष्णु मौर्य पुत्र राजेंद्र मौर्य 25, करारी से अपने गांव भैला मखदुमपुर के लिए जा रहा था,वह जैसे ही अमुरा मोड़ के निकट पहुंचा एक आवारा पशु सड़क पर आ गया और वह उससे टकरा गया।टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए परिजन को सूचना दी और एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## न्यूज झरोखा

### दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा



**कौशाम्बी।** कांग्रेस की विचारधारा और कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय की कार्यकुशलता से प्रभावित होकर पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश की अगुवाई में वा राम बहादुर त्रिपाठी मोहम्मद आरिज, फौजिया और अब्बान भाई की उपस्थिति में रविवार को भरवारी के चपहुआ में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा कांग्रेस ज्वाइन करने वालों में मोहम्मद सद्दाम,मोहम्मद कादिर,मोहम्मद इरशाद, अशगर अली,छंगूलाल,रामनरेश, नथन, भैय्यन, रामसुमेर,जाकिब अली, मोहम्मद लकी,मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद कासिम, व शानू सहित तमाम साथियों ने कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने स्वागत किया है और कहा है कि नए लोगों के आने से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी।

### जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन




**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण में पतंजलि योग पीठ के संस्थान से जुड़ी महिलाओं ने रविवार को आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया है इस मौके पर सीमा केसरवानी ने कहा कि एलोपैथ से इलाज करना बड़ा कठिन है एलोपैथी जहां एक तरफ बड़ा महंगा है वहीं इसका साइड इफेक्ट भी है इससे मरीज का मर्ज ठीक होने के बजाय बढ़ जाता है और नया मर्ज जन्म ले लेता है इसलिए हमें आयुर्वेदिक सिस्टम से जड़ी बूटियां से इलाज किए जाने की जरूरत है जिससे हम लंबी उम्र तक स्वस्थ रहकर जीवन जी सके उन्होंने कहा की जड़ी बूटियो के इलाज में कोई साइड इफेक्ट नहीं है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जड़ी बूटी आयुर्वेद का ज्ञान होना आवश्यक है अच्छा स्वस्थ रखने के लिए जड़ी बूटी का सेवन करना चाहिए तभी हम लंबी उम्र तक स्वस्थ रह सकते हैं उन्होंने जड़ी बूटी के विभिन्न दवाइयो के उपयोग और उसके फायदे के बारे में बताया है इस मौके पर रंजना वर्मा ज्ञान देवी अनीता देवी सुशीला वर्मा रंजना वर्मा आभा सोनी रुक्मणी गुड़िया केसरवानी पूनम केसरवानी सहित तमाम महिलाओं ने आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिन बड़ी धूमधाम से मनाया और जड़ी-बूटी के लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा किया

### 271 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में स्मैक की तस्करी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,पुलिस ने आरोपी के पास से 27 लाख की कीमत की 271 ग्राम स्मैक बरामद की है।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार युवक सोनू पुत्र रामचंद्र निवासी ताड़बाग थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को सनदीपन घाट थाना क्षेत्र के भैरो भीटी के पास से गिरफ्तार किया है,पुलिस ने आरोपी के पास से 271 ग्राम स्मैक बरामद की है,बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में 27 लाख कीमत बताई जा रही है।पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# जिले की जनता को मौत के मुंह में धकेल कर चैन की दिन सोता रह गया लाइनमैन

## विद्युत आपूर्ति न होने पर सैता पावर हाउस में तैनात लाइन मैन का मोबाइल रहता है स्विचऑफ उपभोक्ता होते है हलाकान

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत सैता पावर हाउस में शनिवार की रात्रि तेज आंधी पानी के चलते 11 हजार की हाई वोल्टेज तार टूट कर गिर गयी जिससे जिले की जनता के सिर पर मौत मँडराती रही लेकिन टूटी लाइन को जोड़ने के लिए लाइनमैन नहीं तैयार हुए एक तरफ जनता के सिर पर मौत मँडराती रही दूसरी तरफ विद्युत समस्या से आम जनता परेशान रही लेकिन पावर हाउस सैता में तैनात लाइनमैन राजेंद्र कुमार मनमानी पर उतारू है अधिशासी अभियंता अवर अभियंता का आदेश उसके ऊपर कोई मायने नहीं रखता है विद्युत से जुड़े कही भी कोई घटना घटे इस लाइन मैन को कोई फर्क नहीं पड़ता है। जानकारी के मुताबिक आंधी पानी के बाद शनिवार की रात्रि को ग्यारह हजार की तार टूट कर गिर गई जिसकी जानकारी मूरतगंज निवासी नसीम ने लाइनमैन को दी उसके कहने के बाद भी वह मौके पर नही पहुंचा अब आप इससे समझ सकते है कि यदि रात्रि की घटना न होती तो कोई बडी घटना घट सकती थी जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने जे ई को घटना की जानकारी दी इसके बाद भी उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में अंधेरे में रात काटते हुए मच्छरों का आतंक झेलते रहने के लिए विवश होना पड़ा। उपभोक्ताओं ने ऐसे मक्कार लापारवाह कर्मचारी की शिकायत जिलाधिकारी कौशाम्बी से कर उक्त कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर सैता पावर हाउस से तत्काल हटाने की मांग की है उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और विभागीय अधिकारियों जे ई एवम एस डी ओ की छवि धूमिल करने वाले लाइनमैन के कारनामे से क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान है और उसे हटाने की मांग कर रहे हैं जिससे विभागीय अधिकारियों और योगी सरकार की बेहतर छवि बची रह जाए और किसी बड़े हादसे को समय रहते टाला जा सके।

## जर्जर हाई वोल्टेज तार टूट कर गिरी लोगों के घरों के विद्युत उपकरण जले

**कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत दारानगर कड़ा के मालवीय स्कूल के पास हाई वोल्टेज विद्युत जर्जर तार टूट कर शनिवार की रात 440 वोल्ट की तार के ऊपर गिरने से तेज शार्टसर्किट से लोगों के घरों के विद्युत उपकरण जल गए हैं जिससे लाखों रुपए का नुकसान विद्युत उपभोक्ताओं को हुआ है आखिर किस नियम के अनुसार हाई वोल्टेज तार के नीचे दूसरी तार विभाग ने खींची थी जिससे यह बड़ा हादसा हुआ है इसका दोषी कौन है बताया जाता है कि उपभोक्ताओं के घर के पंखा टीवी फ्रिज कूलर वाशिंग मशीन एलईडी इनवर्टर स्टेप्लाइजर आदि विद्युत उपकरण तेज आवाज के साथ जल गए है 11000 हाईवोल्टेज लाइट की खुली तार ऊपर है औ? 440 की तार नीचे से सप्लाई दी गयी है विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं का बड़ा नुकसान हुआ है और उपभोक्ताओं के नुकसान की भरपाई इन अधिकारियों के वेतन से कराए जाने की जरूरत है।

# विकास के नाम पर रामपुर गांव में जमकर हो रही है सरकारी रकम में धांधली

### तमाम विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर सरकारी खजाने से भुगतान कराए गए, धांधली किए गए लाखो की सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत रामपुर में नाली निर्माण खड़ंजा निर्माण सीसी रोड निर्माण इंटरलॉकिंग निर्माण हैंड पंप मरम्मत के नाम पर जमकर धांधली हो रही है लेकिन ग्राम पंचायत रामपुर के विकास कार्यो में हो रही धांधली पर ना तो पंचायत सचिव रोक लगाने को तैयार दिखाई पड़ रहे हैं और एडीओ पंचायत भी बिकास योजनाओं की धांधली पर रोक लगाने को तैयार नही दिखाई पड़ रहे हैं जिससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ रही है। गौरतलब है कि बीते दो वर्षों से ग्राम पंचायत रामपुर में विकास कार्यो के नाम पर कराए गए लाखो रुपए के कार्यों की धज्जियां ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने उड़ा कर रख दी है तमाम विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर सरकारी खजाने से भुगतान कराए गए हैं पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हैं रामपुर ग्राम पंचायत में बीते दो वर्ष में जो विकास कार्य कराए गए हैं वह मौके पर बदतर स्थिति पर है बिकास योजनाओं में मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। गुणवत्ता बिहीन कार्य कराए गए हैं रामपुर ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में जमकर कमीशन खोरी हुई है रामपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ा हुआ है कि मनरेगा योजना में भी मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर सरकारी खजाने से भुगतान कराकर मजदूरों से कमीशन खोरी हो रही है लेकिन उसके बाद भी मनरेगा योजना के जिला प्रभारी ने मनरेगा की फर्जी उपस्थिति के जरिए भुगतान कराए जाने के मामले की जांच करा कर दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास नहीं किया है इस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की स्थिति इतनी बदतर है कि विकास योजनाओं की मॉनिटरी करने वाले खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी रामपुर ग्राम पंचायत में हो रही बड़ी धांधली की जांच कर ग्राम प्रधान पंचायत और सचिव सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर सरकारी रकम की रिकवरी करने का प्रयास नहीं किया। गांव के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए रामपुर गांव में विकास के नाम पर दो वर्षों से हो रही बड़ी धांधली की जांच कराए जाने और जांच के बाद दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराया जाने और धांधली किए गए लाखो की सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग की है।

● कौन कहता है गुंडई कम हुई है आजादी से आज तक एक परिवार वसूल रहा है लगातार गुंडा टैक्स

# सड़क पर लगने वाली बाजार में एक परिवार के लोग तीन पीढ़ी से कैसे बने बाजार मालिक

**कौशाम्बी।** आजादी के बाद केंद्र से लेकर लगातार प्रदेश में सरकारी बदलती रही जिले के अधिकारियो की लगातार ट्रांसफर पोस्टिंग होती रही लेकिन व्यवस्थाओं में कोई खास फर्क नहीं दिखाई पड़ रहा है जहां पर जिस गुंडे का साम्राज्य कायम था वह गुंडा आज भी अपने साम्राज्य को कायम करके अपने अवैध कारोबार को लगातार संचालित कर रहा है तमाम मामलों में मनौरी बाजार के एक परिवार की गुंडई का उदाहरण ही पर्याप्त है मनौरी बाजार में सड़क पर खोवा की बाजार और बकरा की बाजार लगती है लेकिन एक परिवार के लोग तीन पीढ़ी से सड़क पर लगने वाली खोवा और बकरा मंडी के बाजार से बाजार मलिक की हैसियत से लाखो रुपए की अवैध वसूली करते आ रहे हैं बकरा और खोवा मंडी में जिन्होंने उनकी वसूली का विरोध किया उसे बाजार नहीं घुसने दिया जाता है सड़क पर बाजार लगाए जाने से आवा गमन में भी लोगों को दिक्कत होती है लेकिन वसूली करने वाले परिवार के सेहत पर उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है 70 सालों से हो रही लगातार अवैध वसूली पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं आखिर सड़क पर लगने वाली बाजार में एक परिवार के लोग तीन पीढ़ी से कैसे बाजार मालिक है लेकिन सड़क पर लगने वाली बाजार से वसूली करने वाले लोगों पर आजादी से आज तक किसी भी सरकार या अधिकारी ने रोक लगाने का प्रयास नहीं किया है जिससे इस परिवार की गुंडई का अंदाजा लगाया जा सकता है बकरा और खोवा बाजार से कई लाख रुपए सालाना की वसूली यह परिवार लगातार करता चला आ रहा है सड़क पर लगने वाली बकरा मंडी और खोवा बाजार से वसूली करने वाले लोगों के कारनामे की जांच करा कर इन पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग नगर के लोगों ने पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी से की है।

# रेलवे लाइन पार करते समय फिर एक महिला की मौत

## कुछ वर्षों के बीच दर्जनों निर्दोष लोग इसी स्थान पर मौत के मुंह में जा चुके हैं



**मनौरी कौशाम्बी।** रेलवे के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही के चलते रेल लाइन पर आए दिन दुर्घटनाएं होती है जिससे बेवजह निर्दोष लोगों की मौत होती है निदोर्षों की मौत के बाद पूरा परिवार बिखर जाता है और लोग उसकी भरपाई पूरे जीवन नहीं कर पाते हैं लेकिन रेलवे के अधिकारी चैन की बंसी बजा रहे हैं आम जनता के मौत से उन्हें कोई दुख नहीं होता है रेलवे फाटक के पास लगातार मौत होने के बाद बार-बार लोगों की मांग के बाद भी रेलवे ने मौत के अड्डे पर चाहरदिवारी लगाने का प्रयास नहीं किया है रेलवे के इस लापरवाही के बाद नगर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है और कभी भी सड़क पर उतरकर नगर के लोग विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं जिसका खामियाजा रेलवे को भुगतना पड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थानांतर्गत मनौरी बाजार में रविवार को रेलवे लाइन पार करते समय फिर एक महिला की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई महिला की मौत के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और मौके पर लगी भीड़ की जुबान में रेलवे के अधिकारियों के लिए भला बुरा ही निकल रहा था जानकारी के मुताबिक महिला पूजा उम्र 30 वर्ष लगभग पत्नी गणेशी निवासी असरफ पुर रविवार को अपने घर गृहस्थी का सामान खरीदने मनौरी बाजार जा रही थी बाजार में सामान खरीदने जा रही महिला रेल लाइन पार करने लगी इसी बीच अचानक वह खंभा नंबर 298/22 और 298/24 के बीच ट्रेन से टकरा गई है जिससे महिला के चीथड़े उड़ गए और उसकी दर्दनाक मौत हो गई है कुछ वर्षों पूर्व रेल लाइन के ऊपर पुल बनाए जाने के बाद पुराने रेलवे फाटक को आवा गमन के लिए रेलवे ने बंद कर दिया है लेकिन रेलवे फाटक के बगल से थोड़ी सी जगह रेलवे की छूटी हुई है जिससे पैदल और साइकिल वाले रेलबे के किनारे से निकलने लगते हैं और अचानक ट्रेन आने से वह देख नहीं पाते और रेल लाइन पार करने वालो को मौत के मुँह में यमराज उठा ले जाते हैं कुछ वर्षों के बीच दर्जनों निर्दोष लोग इसी स्थान पर मौत के मुंह में जा चुके हैं आखिर कितनी मौत के बाद इस मौत के रास्ते को रेलबे के अधिकारियों द्वारा बंद किया जाएगा रेल मंत्रालय से लेकर रेलवे के अधिकारियों की इस लापरवाही के बाद आम जनता के बीच जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन उसके बाद भी रेलवे के अधिकारी मौत के इस रास्ते को बंद करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

## संपादक की कलम से

# राहुल बाबा की चक्रव्यूह रचना

यह समझना मुश्किल है कि कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है या राहुल गांधी का फोकस कहीं और है। वैसे तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था।
राहुल गांधी के मुताबिक आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि आठ हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। सवाल यह है कि राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया।
उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी,देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने "हिंसक" करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है।
नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 प्रतिशत ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की "हलवा सेरेमनी" में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है,जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 प्रतिशत है। सिर्फ 2-3 प्रतिशत लोग ही "हलवा" बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 प्रतिशत आबादी को "हलवा" नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो देश में बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं। शायद राहुल गांधी को यह याद नहीं रहा कि बजट से जुड़ा "राजनीतिक हलवा" तो बीते 70 सालों से अधिक समय से बांटा जा रहा है। इस दौरान सर्वाधिक सरकारें कांग्रेस की रही हैं।
कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2011 की जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई गई थी। उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कर्नाटक में जब सिद्धारमैया पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने जातीय जनगणना कराई थी। आज भी वह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन जातीय जनगणना के आंकड़े आज तक भी जारी नहीं किए गए। कांग्रेस या राहुल गांधी स्पष्ट कर सकते हैं कि उनके जातिवाद का यथार्थ क्या है? राहुल गांधी ने यह भी दावा किया है कि जो मध्यवर्ग प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का समर्थक था, आज वह "इंडिया" की तरफ आ रहा है, क्योंकि मध्यवर्ग की पीठ और छाती में छुरा घोंपा गया है। सरोकार राहुल के चक्रव्यूह से है कि उसके मायने क्या हैं?

## महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?

**आर.के. सिन्हा**

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्टूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहीं राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की।
देवेंद्र फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए । मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। देवेंद्र फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी ऑपरेटिंग सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये।
महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीते दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने )उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा।
जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। अब तीन साल बाद वही एनसीपी नेता देशमुख यह दावा कर रहे हैं कि फडणवीस ने उन पर उद्धव और आदित्य ठाकरे, तत्कालीन डिप्टी सीएम अजीत पवार और मंत्री अनिल परब सहित एमवीए के प्रमुख लोगों के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दबाव डाला था।

# नई बुलंदी पर भारत-वियतनाम संबंध

**- अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह की भारत यात्रा दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाला है। दोनों देशों ने आपसी संबंधों को परवान चढ़ाते हुए कई अहम समझौते को आकार दिया है। निःसंदेह इन समझौतों से दोनों देशों की आर्थिक गतिविधियों को पंख लगना तय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने अपने संबंधों को व्यापक आयाम दिया है। आज उसी का नतीजा है कि हमारे द्विपक्षीय व्यापार में 85 फीसद से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। दोनों देशों के बीच 300 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन पर सहमति बनी है। इससे वियतनाम की मेरीटाइम सिक्योरिटी मजबूत होगी। इसके अलावा एनर्जी, टेक्नालॉजी, कृषि, मत्स्य पालन जैसे कई मसलों पर भी सहमति बनी है जिससे विकास देशों के आर्थिक कारोबार को गति मिलेगी। दोनों देश इस बात पर भी सहमत हैं कि आपसी व्यापार को और अधिक गति देने के लिए आसियान-इंडिया टेज्ड इन गुड्स एग्रीमेंट की समीक्षा की जानी चाहिए। डिजिटल पेमेंट कनेक्टिविटी के लिए भी दोनों देशों के सेंट्रल बैंकों के बीच करार हुआ है। दोनों देश ग्रीन इकॉनामी और न्यू इमर्जिंग टेक्नॉलाजी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं।
प्रधानमंत्री मोदी ने वियतनाम और भारत के परंपरागत संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि बौद्ध धर्म दोनों देशों की साझा विरासत है। दोनों देश के लोग आध्यात्मिक चेतना से जुड़े हैं। उन्होंने वियतनाम के नागरिकों और युवाओं का आह्वान किया कि वे भारत के बौद्ध सर्किट के अलावा नालंदा विश्वविद्यालय का लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने वियतनाम की महत्ता को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि वह हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन का महत्वपूर्ण साझीदार है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीडीआरआई में शामिल होने के लिए भी वियतनाम के निर्णय की सराहना की। उन्होंने भरोसा दिया कि भारत फ्री, ओपन रुल्स बेस्ड और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के लिए अपना सहयोग जारी रखेगा। दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोनों देशों ने वर्ष 2017 को "मित्रता वर्ष" के रुप में मनाया। अतीत में जाएं तो दोनों देश लंबे समय से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। दोनों देशों ने औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ संघर्ष किया और दोनों ही "नाम" के सदस्य हैं। जिस समय वियतनाम फ्रांसीसी उपनिवेश के विरुद्ध संघर्ष कर रहा था उस समय भारत ने उसका भरपूर सहयोग किया। कंबोडिया के ख्मेर रॉग शासन के विरुद्ध भी भारत ने वियतनाम का समर्थन किया। जहां तक आर्थिक-कारोबार का संबंध है तो द्विपक्षीय सहयोग के लिए संस्थागत प्रक्रिया के रुप में दोनों देश एक आर्थिक, वैज्ञानिक व प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए वर्षों पहले संयुक्त आयोग की स्थापना कर चुके हैं। उसी का नतीजा है कि भारत-वियतनाम द्विपक्षीय व्यापार विगत वर्षों में तेजी से प्रगति कर रहा है। बता दें कि इसके क्रियान्वयन के लिए कार्यवाही योजना पर 2004 में हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों देशों द्वारा 2003 के समझौते में अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर एकदूसरे के हितों के संरक्षण में सहायता देने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य अंतराष्ट्रीय समुदाय में एकदूसरे का मदद का भरोसा दिया गया। अच्छी बात यह है कि दोनों एकदूसरे की कसौटी पर खरा उतर रहे हैं। वियतनाम लगातार भारत के नाभिकीय उर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग के रुख का समर्थन किया है और साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थक भी है। भारत भी विश्व व्यापार संगठन में वियतनाम के प्रवेश का समर्थन कर चुका है। दोनों देश गंगा-मेकांग सहयोग में भी शामिल हैं तथा निवेश में रुचि दिखा रहे हैं जिससे आज आसियान में वियतनाम भारतीय विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का सर्वाधिक प्राप्तकताओं वाले देशों में शुमार हो गया है। दोनों देश उर्जा के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर एकदूसरे का सहयोग कर रहे हैं। वियतनाम उर्जा समृद्ध देश है वहीं भारत को उर्जा की अधिक आवश्यकता है। तेल और गैस के उत्पादन में वियनताम एक अग्रणी देश है और उसके समर्थन-सहयोग से भारत की ओएनजीसी कंपनी वहां तेल व गैस की खोज में लगी हुई है। ओएनजीसी और पेट्रोवियतनाम पेट्रोलियम भागीदारी समझौता कर चुके हैं। वियतनाम भारत की तीन परियोजनाओं में 26 मिलियन डॉलर का निवेश कर रखा है। इसमें ओएनजीसी, एनआइवीएल, नगोन कॉफी, टेक महिंद्रा एवं सीसीएल शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी दोनों देश एकदूसरे का सहयोग कर रहे हैं। भारत सरकार प्रत्येक वर्ष वियतनामी छात्रों और शोधकताओं को भारतीय संस्थाओं में अध्ययन के लिए हजारों हजारों छात्रवृत्तियां प्रदान कर रही हैं। इसके अतिरिक्त भारत वियतनाम के आईटी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने में सहायता कर रहा है। मौजूदा समय में भारत तेजी से ज्ञान अर्थव्यवस्था के रुप में उभर रहा है और यह ज्ञान क्षेत्र में वियतनाम के मानव संसाधन क्षेत्र को प्रशिक्षित कर सकता है। दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। दोनों देश एकदूसरे की मदद से समुद्री मार्गों को सुरक्षित कर सकते हैं और साथ ही समुद्री डकैतियों को रोक सकते हैं।
गौरतलब है कि वियतनाम अपने "कॉन-रैन्थ-हार्बर" में सैनिक अड्डा स्थापित करने के लिए भारत को आमंत्रित कर चुका है। यह अड्डा पहले सोवियत अड्डा था। अगर भारत इसमें रुचि दिखाता है तो निःसंदेह दक्षिण चीन सागर में चीनी गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि भारत और वियतनाम दोनों दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंतित हैं। दक्षिण चीन सागर के कुछ द्वीपों को लेकर भी चीन व वियतनाम के बीच तनातनी बनी हुई है। वियतनाम का कहना है कि ऐतिहासिक रुप से इस क्षेत्र पर उसका दावा है। उसके मुताबिक 17 वीं शताब्दी तक पैरासेल्स और स्पार्टलेज उसके अधीन थे। वियतनाम का तर्क यह भी है कि जब 1940 तक चीन द्वारा इस क्षेत्र पर अपना दावा नहीं जताया गया तो फिर वह किस मुंह से अब इस पर दावा जता रहा है। गौरतलब है कि 1947 में चीन ने पैरासेल्स को वियतनाम से छिन लिया और इसे बचाने में तकरीबन 6 दर्जन वियतनामी सैनिक शहीद हुए थे। 1988 में भी दोनों देशों के बीच संघर्ष हुआ जिसमें कई मछुवारे मारे गए। सच कहें तो आज की तारीख में दक्षिण चीन सागर में चीन के विस्तार के कारण वियतनाम दबाव में है। देखा भी गया कि गत वर्ष पहले उसने दक्षिण चीन सागर मसले पर अंतर्राष्ट्रीय अदालत के फैसले को मानने से इंकार कर दिया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि उनका देश किसी भी सूरत में अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि सभी तथ्यों के आलोक में ही पांच सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने सागर पर उसके दावे का खारिज किया और उसे दोषी ठहराते हुए कहा कि उसने इस इलाके में निर्माण करके नियमों का उलंघन किया है और फिलीपींस को समुद्र से तेल निकालने से रोका है। चीन की हठधर्मिता को देखते हुए वियतनाम का चिंतित होना लाजिमी है। लिहाजा ऐसे में वह अपने बचाव के लिए भारत के पाले में खड़ा होना चाहता है। अच्छी बात है कि भारत भी उसकी मदद के लिए तैयार है। वियतनाम चीन के दबाव से बचने के लिए 2011 से ही भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने को आतुर है। चूंकि भारत अब एमटीसीआर का पूर्णकालिक सदस्य बन चुका है ऐसे में वह वियतनाम से ब्रह्मोस मिसाइल का सौदा कर सकता है। अगर भारत वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल बेचता है तो निःसंदेह चीन की परेशानी बढ़ेगी।
गौर करें तो भारत और वियतनाम की निकटता विस्तारवादी चीन के लिए एक कड़ा संदेश यानी "जैसे को तैसा" वाला सबक है। चीन को समझना होगा कि वह अपनी धौंसबाजी से वियतनाम को डरा नहीं सकता। उसे एक अच्छे-सच्चे पड़ोसी की तरह आचरण करना होगा। इसलिए और भी कि भारत वियतनाम के साथ है और उसके साथ किसी भी तरह की सीनाजोरी पर भारत अपनी आंख बंद नहीं कर सकता। भारत और वियतनाम की बढ़ती निकटता से उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देश कुटनीतिक, व्यापारिक व सामरिक साझेदारी का एक नया अध्याय लिखेंगे और समान रणनीतिक हित के मुद्दे पर एकदूसरे का पूरक बनेंगे।

## लोक सभा अध्यक्ष विवादों में क्यों?

**-विनीत नारायण**

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा काफी सराहनीय रही है। लोक सभा भारत की जनता की सर्वोच्च प्रतिनिधि सभा है जहां देश के कोने-कोने से आम जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि अपने क्षेत्र, प्रांत व राष्ट्र के हित में समस्याओं पर विमर्श करते हैं। लोकतंत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच लगातार नोक-झोंक का चलना बहुत सामान्य व स्वाभाविक बात है।
सत्तापक्ष अपनी छवि बढ़ा-चढ़ा कर पेश करता है तो विपक्ष उसे आईना दिखाने का काम करता है। इससे मुद्दों पर वस्तु स्थिति स्पष्ट होती है। इस नोक-झोंक का कोई बुरा नहीं मानता। क्योंकि आज जो सत्ता में हैं, कल तक वो विपक्ष में थे और तब वे भी यही करते थे जो आज विपक्ष कर रहा है। जो आज सत्ता में हैं कल वो विपक्ष में होंगे और फिर वे भी वही करेंगे। लेकिन इस नोक-झोंक की सार्थकता तभी है जब वक्ताओं द्वारा मयार्दा में रह कर अपनी बात रखी जाए। जब तक संसदीय कार्यवाही का टीवी पर प्रसारण नहीं होता था, तब तक देश की जनता को यह पता ही नहीं चलता था कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि संसद में कैसा व्यवहार कर रहे हैं? उन्हें यह भी नहीं पता चलता था कि वे संसद में किन मुद्दों को उठा रहे हैं? अक्सर ऐसे मामले भी सामने आए हैं जब सांसदों ने आर्थिक लाभ की एवज में बड़े औद्योगिक घरानों के हित में सवाल पूछे। वरिष्ठ पत्रकार ए सूर्यप्रकाश ने तीस वर्ष पहले ऐसे लेखों की श्रृंखला छापी थी जिसमें सांसदों के ऐसे आचरण का खुलासा हुआ और देश ने पहली बार जाना कि "संसद में सवाल बिकते हैं। पर जब से टीवी पर संसदीय कार्यवाही का प्रसारण होने लगा तब से आम देशवासियों को भी ये देखने को मिला कि हमारे सांसद सदन में कैसा व्यवहार करते हैं। बिना अतिशयोक्ति के ये कहा जा सकता है कि प्रायः कुछ सांसद जिस भाषा का प्रयोग आजकल करने लगे हैं उसने शालीनता की सारी सीमाएँ लांघ दी है। शोर-शराबा तो अब आम बात हो गई है। ऐसा नहीं है कि संसद में ये हुड़दंग केवल भारत में ही देखने को मिलता है। यूरोप सहित दुनिया के अनेक देशों से ऐसे वीडियो आते रहते हैं, जिनमें सांसद हाथापाई करने और एक दूसरे पर कुर्सियाँ और माइक फेंकने तक में संकोच नहीं करते। सोचिए इसका देश के बच्चों और युवा पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ता होगा? सोचने वाली बात ये भी है कि संसद की कार्यवाही पर इस देश की गरीब जनता का अरबों रुपया खर्च होता है। एक आँकलन के अनुसार संसद चलने का प्रति मिनट खर्च ढाई लाख रुपये से थोड़ा अधिक आता है। इसका सदुपयोग तब हो जब गंभीर चर्चा करके जनता की समस्याओं के हल निकाले जाएँ। जिस तरह एक विद्यालय में शिक्षक कक्षा के सक्षम और योग्य छात्र को क्लास का मॉनिटर बना देते हैं, जिससे वो कक्षा में अनुशासन रख सके। उसी तरह लोक सभा के सांसद भी अपना मॉनिटर चुनते हैं जो लोक सभा की कार्यवाही का संचालन करता है। आजतक हमारी लोक सभा का यह इतिहास रहा है कि लोक सभा के अध्यक्षों ने यथा संभव निष्पक्षता से सदन की कार्यवाही का संचालन किया। उल्लेखनीय है कि 15वीं लोक सभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने ही दल के विरुद्ध निर्णय दिये थे जिसका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा । उन्हें दल से निष्कासित कर दिया गया। पर उन्होंने अपने पद की मयार्दा से समझौता नहीं किया। लेकिन पिछले दस वर्षों से लोक सभा के वर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला जी लगातार विवादों में रहे हैं। उन पर सत्तापक्ष के प्रति अनुचित झुकाव रखने का आरोप विपक्ष लगातार लगाता रहा है।

# क्या नासा से बेहतर है अपना 'इसरो'

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी 'इसरो' जहां एक ओर वर्ष 2028 में चंद्रयान-4 मिशन को लांच करने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' ने अपने महत्वकांक्षी चंद्र मिशन को रद्द कर दिया है। इसके पीछे आखिर कारण क्या हैं भारत अपने चंद्र मिशन 'चंद्रयान-4' के तहत जहां चंद्रमा की चट्टानों और वहां की मिट्टी को इकट्ठा कर-के उन्हें वापस धरती पर लाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, वहीं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा ' ने इस बात को लेकर संपूर्ण विश्व को चौंकाया है कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ और अन्य संसाधनों की खोज के लिए प्रस्तावित आर्टेमिस चंद्र रोवर (वीआईपीईआर) मिशन पर नासा लगभग 450 मिलियन डॉलर (37 हजार 650 करोड़ रुपए) खर्च कर चुका है और कुल लागत 610 मिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि वास्तव में एक बहुत बड़ी धनराशि है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वीआईपीईआर को पहले वर्ष 2023 में लॉन्च करने की योजना थी, लेकिन वर्ष 2022 में नासा ने इसे वर्ष 2024 के अंत तक टाल दिया, ताकि ग्रिफिन लैंडर वीकल के प्री-फ्लाइट टेस्ट के लिए ज्यादा समय मिल सके। इसके बाद लॉन्चिंग की तारीख वर्ष 2025 तक बढ़ाई गई और अब इसे रद्द करना पड़ा है। अनुमान के मुताबिक मिशन के पूर्ण होने तक इसकी लागत 609.6 मिलियन डॉलर (50, 950 करोड़ रुपए) तक पहुंच जाती। बहरहाल, यदि हम यहां बजट की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2023 और 2024 के लिए नासा का बजट क्रमशः 25.4 बिलियन डालर तथा वित्तीय वर्ष 2024 के लिए 24.875 बिलियन डालर है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वित्त वर्ष 2024 का बजट पिछले वर्ष के बजट से 2% कम है। बिडेन प्रशासन ने 2024 के वित्तीय वर्ष के लिए 27.2 डालर बिलियन का बजट प्रस्तावित किया




था, जो 2023 की तुलना में 7.1% अधिक है। वहीं दूसरी ओर इस साल फरवरी में घोषित अंतरिम बजट में भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिक्ष विभाग को 13,042.75 करोड़ रुपये आवंटित किए। यह पिछले वर्ष के बजट से 498.84 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। हालांकि, यहां यह बात उल्लेखनीय है कि 'इसरो' के पास 'नासा' या विश्व की बाकी अन्य एजेंसियों की तरह ढेर सारे संसाधन और बहुत बड़ा बजट उपलब्ध नहीं है, लेकिन सीमित बजट में ही प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, तकनीकी, लगातार मेहनत से हमारा इसरो अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर रहा है। कम बजट में भी बेहतरीन परिणाम इसरो के वैज्ञानिक देते रहे हैं और इस वजह से इसरो पूरी दुनिया के लिए उदाहरण बन गया है। हालांकि यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विकासशील देश की दृष्टि से इसरो के लिए सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है, लेकिन विकसित देश अमेरिका की तुलना में हमारे देश का स्पेस बजट कम ही है। जिस प्रकार से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने चंद्र मिशन को रद्द किया है, उससे यह प्रतीत होता है कि अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा फंड की किल्लत का सामना कर रही है। न सिर्फ उसका बजट घटता जा रहा है। अलबत्ता, उसे अपने स्पेस प्रोग्रामों के लिए जितना पैसा चाहिए वह भी नहीं मिल पा रहा है। एक जानकारी के अनुसार नासा ने वित्त वर्ष 2024 (अक्टूबर 2023 - सितंबर 2024) में अपने सभी मिशन, स्पेस एक्सप्लोरेशन और ऑपरेशन के लिए लगभग 27 अरब डॉलर का अनुरोध किया था। लेकिन, इसके मुकाबले उसे लगभग 9% कम रकम मिली। पिछले वर्ष की तुलना में यह 2% कम थी। अब वित्त वर्ष 2025 के लिए उसने जो बजट अनुरोध रखा है, वह पिछले साल की मांग से 2 अरब डॉलर कम है। वास्तव में, यहां यह बात सोचनीय है कि आखिर नासा को अपने स्पेस कार्यक्रम के लिए जितने पैसे की जरूरत है उतना उसे क्यों नहीं मिल पा रहा है शायद इसके पीछे कारण अमेरिकी सरकार पर कर्ज का बोझ हो सकता है। इधर यदि हम इसरो की बात करें तो हमारे देश का इसरो अंतरिक्ष कार्यक्रमों के मामले में कभी भी किसी देश के साथ होड़ नहीं करता बल्कि वह तो अपनी प्रतिभा, लग्न व जुनून में विश्वास करता है और कम लागत में भी बेहतरी को अग्रसर है। यह हम भारतीयों को गौरवान्वित महसूस कराता है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि विकासशील देश होते हुए भी हमारे यहां स्पेस मिशन के लिए बजट की भी कोई कमी नहीं है। उल्लेखनीय है कि नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' की स्थापना वर्ष 1958 में जबकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना वर्ष 1969 में हुई थी। इसरो के संस्थापक विक्रम साराभाई थे। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि इसरो दुनिया की सबसे कम लागत वाली अंतरिक्ष एजेंसी है। हमारा देश जुनून, मेहनत में विश्वास करता है। सच तो यह है कि भारत की स्पेस एजेंसी 'इसरो' की सफलता की वजह ही, 'प्रतिभा, लगन और जुनून' है । पाठकों को याद होगा कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। आने वाले समय में इसरो की योजना मंगलयान-2 और शुक्र मिशन जैसे प्रोग्रामों को अंजाम तक पहुंचाने की है। सूर्य मिशन पर भी काम किया जा रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद एक बार फिर अंतरिक्ष के क्षेत्र में पूरी दुनिया हमारा लोहा मान गई है। हालांकि, अंतरिक्ष और विज्ञान से जुड़ा दूसरा बड़ा नाम दिमाग में 'नासा' का ही आता है, जो अमेरिका की स्पेस एजेंसी है। इसरो के सभी सफल स्पेस मिशन्स के बाद यह चर्चा भी जोर पकड़ती है कि क्या इसरो नासा को टक्कर दे रहा है, या फिर कम बजट और संसाधनों के बावजूद अंतरिक्ष में सफलता पाने वाला इसरो नासा से बेहतर है। नासा और इसरो के अलावा भी रूस और चीन जैसे देशों की स्पेस एजेंसियां अंतरिक्ष विज्ञान में नए-नए प्रयोग कर रही हैं, लेकिन नासा का नाम सबसे ऊपर है। अब सामने आ रहा है कि एक से एक महंगे मिशन भेज चुका नासा इस बार आर्टेमिस मिशन को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं है और इधर खर्च के लिहाज से इसरो ने नासा के मुकाबले काफी कम कीमत पर बड़ी सफलता हासिल की है क्योंकि जिस चंद्र मिशन पर अमरीका अब तक 37 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर चुका, इतने में भारत 1200 बार चंद्रमा पर अपना मिशन भेज सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से पिछले वर्ष भेजे चंद्रयान-3 पर लगभग 615 करोड़ रुपए की लागत आई थी। सच में अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो का कोई जबाब नहीं है।

## जड़ी-बूटी दिवस बतौर मना आचार्य का जन्मदिन



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आयुवेर्दाचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी-बूटी दिवस के बतौर धूमधाम से मनाया गया। जिला महिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति जड़ी-बूटियों को एकत्र कर पतंजलि बहनों ने कई स्थानों पर बांटा, पौधरोपण किया। तुलसी पार्क, अटल पार्क, सीआईसी, सुंदर घाट, संस्कारम स्कूल, लिटिल किंगडम स्कूल, जनसेवा इंटर कॉलेज, सदर तहसील प्रभारी पदमा सिंह ने बताया कि जड़ी-बूटियों में गिलोय, घृतकुमारी, नागदौन, हरसिंगार, तुलसी, मीठी नीम, कड़वी नीम, पीपल, गुड़हल, बेल, सदाबहार, हरजोर, भूमि आंवला, चिरायता, अश्वगंधा, शतावर, गुलाब, मरवा, पत्थरचट्टा आदि के पौधे व बीज समेत एक हजार बांटे।
रविवार को मंजू केशरवानी ने बताया कि सभी पौधे अपने अलग-अलग औषधीय गुण रखते हैं। महिला पतंजलि की बहनों ने पूज्य श्रद्धेय आचार्य को गीत से बधाई दी। श्रीमती जयश्री जोग, मंजू अग्रवाल, सरोज जैन, मनीष केसरवानी, मीरा श्रीवास्तव, अनीता सिंह, अंशु सोनी, पूजा नामदेव, किरण मिश्रा, रचना, राजा बेटी, वीणा बांधवकर, माधुरी सिंह, लालमणि गुप्ता, विमला आर्य, ज्योति जैन, ममता जैन, राजकुमारी, मधु, अर्पणा, मीना, अंजू अग्रवाल, कामना, सरिता मिश्रा समेत एक सैकड़ा बहनों ने अलग-अलग स्थान में जड़ी-बूटी बांटी।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को दबोचा




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह ने नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को दबोचा है।
ज्ञात है कि दो अगस्त को मऊ थाने पर महिला ने रिपोर्ट लिखाई कि श्यामू पुत्र राजू बल्हौरा उसकी नाबालिग पुत्री को बुरी नीयत से पकड़कर घर के अन्दर ले जाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले को दर्जकर आरोपी की गिरफ्तारी को अपराध निरीक्षक अभय राज सिंह को निर्देश दिये। निरीक्षक ने वांछित श्यामू पुत्र राजू बल्हौरा को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध अभय राज सिंह व सिपाही संदीप यादव शामिल रहे।

## चैकी प्रभारी ने चोर के कब्जे से बरामद किया माल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने चोरी का खुलासा कर चोर के कब्जे से चोरी के जेवर व नकदी समेत गिरफ्तार किया है।
ज्ञात है कि 25 जुलाई को आलोक कुमार पुत्र रामनारायण गुप्ता गांधीगंज कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि घर से अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवर व नकदी चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर कोतवाल ने चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता को खुलासे के निर्देश दिये। उन्होंने मुखबिर की सूचना पर कुनाल त्रिपाठी पुत्र रामदेव त्रिपाठी अछरौड़ थाना मटौंध बांदा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने-चांदी के जेवर व नकदी 4410 रुपये बरामद किये। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही अतुल परिहार व अभिषेक सिंह शामिल रहे।

## वाहन पार्किंग में हो रही लूट

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सीतापुर स्थित पोद्दार इंटर कॉलेज में वाहन पार्किंग के नाम पर मेले में आये श्रद्धालुओं से अवैध वसूली हो रही है।
रविवार को सावन माह अमावस्या मेले में लाखों श्रद्धालु चित्रकूट आये हैं। कुछ ट्रेन से तो कुछ दोपहिया व चारपहिया तथा बसों से भगवान कामतानाथ के दर्शन को आये हैं। चित्रकूट प्रशासन ने मेले में आये श्रद्धालुओं के मेला परिसर में आने-जाने से लेकर ठहरने तक की व्यवस्था को पुख्ता इंतजाम किये हैं।
ऐसे में पोद्दार इंटर कॉलेज में श्रद्धालुओं से वाहनों को कालेज परिसर में खड़ा करवाने को वाहन पार्किंग के नाम पर बीस से लेकर सौ रुपये तक की अवैध वसूली हो रही है। अवैध वसूली के शिकार लोगों ने कहा कि तीर्थक्षेत्र में वाहन पार्किंग के नाम पर लूट हो रही है।

## गुटखा व्यापारी से हुई लूट का फरार आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** 25 मई को मानिकपुर के गुटखा व्यापारी के साथ हुई लूट के पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एक आरोपी की आज और गिरफ्तारी हुई है। उसके कब्जे से लूट के 2950 रुपये बरामद हुए।
ये गिरफ्तारी एसओजी व मानिकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को किया। बताया गया कि मानिकपुर के गुटखा व्यापारी से 25 मई को रानीपुर के जंगल में धारकुण्डी रोड पर लूट की घटना हुई थी। इस मामले में तीन जून को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एक आरोपी की गिरफ्तारी शेष थी। वह फरार चल रहा था। टीम ने फरार आरोपी अब्दुल शेख पुत्र अब्दुल शरीफ निवासी घोघर तकिया कोतवाली रीवां मप्र को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से लूट के 2950 रुपये बरामद हुए। टीम में दरोगा मुकेश परिहार, सिपाही लोकेन्द्र व एसओजी के सिपाही रोहित सिंह, पवन राजपूत, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा शामिल रहे।

# कांवडियों के भय से लोगों ने छोडा रास्ताः का अमित



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य/जिला सचिव का अमित यादव ने उप्र-उत्तराखंड समेत भाजपा शासित राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वे घिसी-पिटी व भारत की बहुसंख्य जनता से ठुकराई जा चुकी हिन्दुत्व की विचारधारा को पुनर्जीवन देने की गरज से कांवड़ यात्राओं का इस्तेमाल कर रही हैं। उनके ये कृत्य संविधान विरोधी व समाज की समरसता के लिए घातक हैं।
रविवार को का अमित यादव ने कहा कि कांवड़ियों के समूह राहगीरों, दुकानदारों, वाहन चालकों पर खूनी हमले कर रहे हैं। वे वाहन तोड़ रहे हैं, स्कूल बसों पर पथराव कर बच्चों को घायल कर रहे हैं।
होटलों व दुकानों को तोड़ रहे हैं। ड्राइवरों, सवारियों व दुकानदारों को पीट कर लहूलुहान कर रहे हैं। तिपहिया चालक की गाड़ी नष्ट कर दी। गंभीर रूप से घायल चालक की मौत हो गयी।
असुरक्षा वश बुजुर्गों, महिलाओं व अन्य नागरिकों ने उन मार्गों से निकलना बंद कर दिया है, जिन मार्गों से कांवड़िये निकल रहे हैं। हजारों ट्रकों को जहां-तहां रोके जाने से करोड़ों रुपये की छति देश को उठानी पड रही है। कानून व्यवस्था की रक्षा को तैनात पुलिस के सामने कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाले कांवडियों पर कानून सम्मत कार्यवाही नहीं हो रही। उनकी आवभगत में हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा हो रही है।

# तुलसी जन्मोत्सव में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री हुई शामिल

## बिन हरि कृपा मिलहिं नहिं सन्ताः रजनी तिवारी




**अखंड भारत संदेश**
**राजापुर/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली में जारी तुलसी जन्म महोत्सव के दूसरे दिन श्रीरामचरितमानस के नवान्हपारायण पाठ दौरान सूबे के उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने साधु-संतों व श्रद्धालुओं के बीच मानस की चैपाइयां पढ़ी। गोस्वामी तुलसीदास के रचित श्रीरामचरितमानस को नमन कर दर्शन किये।
रविवार को सूबे की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने मानस पाठ बाद कहा कि रामचरितमानस समाज को जीने के आदर्श बतौर महा ग्रंथ है। तुलसी जन्म महोत्सव पर बिन गुरुकृपा के अवसर नहीं मिलते। कहा कि हरि की कथा अनंत है। बिन हरि कृपा मिले नहीं संता-तुलसीदास की कृपा से जन्म महोत्सव में आने का सौभाग्य तीसरी बार मिला है। तुलसी जन्मोत्सव प्रदेश में नहीं, बल्कि पूरे देश व विश्व में मनाने की जरूरत है। इस मौके पर राजेन्द्र पाण्डेय बनारस, उमेश सोनी, अशोक सोनी, शंकरदयाल जायसवाल, सुरेश जायसवाल, राजेश केशरवानी, अनिल गुप्ता, भरतलाल जायसवाल, राधेश्याम सोनी आदि ने मंत्री का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। तुलसी जन्म महोत्सव के आयोजक वृन्दावन संत रामदास महाराज व राजेंद्र पांडे बनारस में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री को संत तुलसीदास की प्रतिमा भेंट की। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि दो बार के आगमन पर यही समस्या रखी थी कि तुलसी जन्मकुटीर से लगे राजकीय संस्कृत महाविद्यालय कई वर्षों से कागजों में चल रहा है। महाविद्यालय भवन, छात्रावास शासन-प्रशासन की उपेक्षा से खंडहर हो गया है। देववाणी संस्कृत की पढ़ाई से छात्र-छात्रायें वंचित हो रहे हैं। महाविद्यालय में समुचित व्यवस्था की जाये। राज्यमंत्री ने भरोसा दिया कि मामले की जांच कराकर महाविद्यालय की कमियां दूर की जायेंगी। तुलसी जन्म महोत्सव के दूसरे दिन एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि भारतवर्ष की वसुंधरा में साधु-संतों से धर्म ध्वजा लहरा रही है। संत काम, क्रोध, मद, लोभ से परे समाज के कल्याण को काम करते हैं। समाजसेवी सुनील मिश्रा व सतीश मिश्रा ने उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि 30-40 किमी दूरी पर कोई राजकीय बालिका महाविद्यालय नहीं हैं। क्षेत्र के गरीब तबके के लोग उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस मौके पर रामाश्रय त्रिपाठी, अशोक सोनी, सिंटू महाराज, रामप्रसाद गर्ग, हरिमोहन सोनी, भरतलाल सोनी, अशोक सोनी, उमेश सोनी, भारतलाल जायसवाल, प्रेम सागर तिवारी, अशोक कुमार याज्ञिक, राधेश्याम सोनी, वीरेंद्र द्विवेदी, चुन्नू तिवारी, तुलसी सेवा परिवार व नगरवासी मौजूद रहे।

# अमावस्या पर श्रद्धालुओं की उमडी भीड़

## मंदाकिनी में डुबकी लगा की कामतानाथ की परिक्रमा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सावन मास की अमावस्या पर प्रभु श्रीराम की तपोभूमि में आस्था का सैलाब उमड़ा। देशभर से आये लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर भगवान मत्स्यगयेन्द्रनाथ में जलाभिषेक किया। भगवान कामतानाथ में मत्था टेका। कामदगिरि की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की।
रविवार को सावन अमावस्या पर तपोभूमि भगवान भोले के जयकारों से गूंज उठी। श्रद्धालु ओम नमः शिवाय, बोल बम-बोल बम व हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए रामघाट से कामदगिरि की परिक्रमा तक पहुंचते देखे गये। मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर, भगवान कामतानाथ दरबार व परिक्रमा मार्ग में सवेरे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडी। अमावस्या पर्व को श्रद्धालु शनिवार से ही चित्रकूट आने लगे थे। देर रात ट्रेन-बसों व निजी वाहनों से लाखों लोग धर्मनगरी पहुंचे। रविवार तड़के से रामघाट में स्नान-दान का सिलसिला शुरू हो गया। प्रशासन ने अनुमान लगाया कि श्रद्धालुओं की संख्या 15 से 20 लाख हो सकती है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व पार्किंग व्यवस्था न होने से जगह-जगह जाम की स्थिति पैदा हुई। यूपी-एमपी के जिला प्रशासन के इंतजाम भीड़ के सामने बौने साबित हुए। पीलीकोठी, नयागांव, रजौला, हनुमान धारा, राम शैय्या आदि स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। जाम की स्थिति से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।
एसडीएम सदर सौरभ यादव व सीओ सिटी राजकमल ने रविवार को सवेरे मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। स्थिति का जायजा लिया। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी जाम को नियंत्रित करने व व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने में लगे रहे।

### संयुक्त टीम ने की जांच

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में दरोगा एलआईयू शिवसागर तिवारी की अगुवाई में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सावन मास अमावस्या मेले में सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट-परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर जांच की। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु व लोग नही मिले। ये जांच ऐहतियातन की गई है।

## बाईक सवार युवक की अज्ञात वाहन के टक्कर से हुई मौत



**जौनपुर ।** जनपद के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सीसीटीवी कैमरे के सहारे घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। उधर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर गाँव मे मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार डाल्हनपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र यादव का 33 वर्षीय पुत्र कन्हैया यादव शनिवार की रात किसी कार्य बस शहर में गए हुए थे। रात में 10:30 बजे के बाद कामकाज को निपटाकर घर लौट रहे थे । वह 11 बजे के करीब जैसे ही वह सिद्दीकपुर मां दुर्गा विद्यालय पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वाहन की टक्कर से उनका सर फट गया शरीर में गंभीर चोटे आई । बाइक छात्रिग्रस्त हो गई। वह घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़े थे, लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने कन्हैया को मृत घोषित कर दिया।
कन्हैया की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की अपराह्न मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस में कन्हैया का पोस्टमार्टम कराया गया ।इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। उधर पुलिस घटना कैसे घटी कारण का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज तलाशने में जुट गई।वहीं पर परिजनों के कुछ सदस्यों ने साजिशन हत्या की आशंका व्यक्त की है। हालांकि जांच पड़ताल से सही मामला सामने आ जाएगा। घटना से गांव में मातम पसर गया। लोगों ने परिजनों को सांत्वना देने में जुट गए। मृतक कन्हैया यादव अपने पीछे बीवी व तीन बच्चे छोड़ गए। बीवी आरती का रो रो कर बुरा हाल है।

# श्रीकृष्ण को मारने के कंस के हर प्रयास रहे विफल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने ऊधौ ब्रजगमन, कंस वध व रुकमणी विवाह का रसपान कराया। रविवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने का कारण कंस वध भी था। कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राहि-त्राहि करने लगी, तब भगवान से गुहार लगाई। कृष्ण अवतरित हुए, कंस को पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों होना है। बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को मरवाने के प्रयास किये। हर प्रयास भगवान के सामने असफल होते रहे। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अक्रूर के मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा व पागल हाथियों से कुचल कर मारने का प्रयास किया। वह सभी श्रीकृष्ण व बलराम के हाथों मारे गये। अंत में श्रीकृष्ण ने मामा कंस का वधकर मथुरा नगरी को अत्याचारों से मुक्ति दिलायी। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, राष्ट्रीय रामायण मेला कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने संत-महंतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। निर्मोही अखाड़ा के महंत ओंकारदास महाराज, संत मदन गोपालदास महाराज, ज्ञानदास महाराज, नयागांव के नन्हे राजा, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, राजाबाबू पांडेय, मनोज गर्ग आदि श्रोता मौजूद रहे।

## भीम आर्मी की सभी कमेटी भंग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन चित्रकूट इकाई के जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने पदाधिकारियों, कार्यकताओं व समर्थकों से कहा है कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन चित्रकूट यूनिट की जिला कार्यकारिणी समेत तहसील कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी, न्याय पंचायत कार्यकारिणी, वार्ड कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव भंग की जाती है। जल्द नई कमेटी गठित की जायेगी। तब तक सभी साथी समाज के बीच रहकर कार्य करते रहे।

## पुत्री को ले गया गांव का युवक

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के खप्टिहा गांव की रुखमिनिया पत्नी रामबाबू ने थाने में दी तहरीर में कहा कि उसकी बीस वर्षीय पुत्री को गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। पुत्री को बरामद कर युवक पर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्जकर बालिका की बरामदगी को प्रयास शुरू कर दिये हैं।
रविवार को पीडिता ने बताया कि दो अगस्त को सवेरे दस बजे वह खेत में धान लगाने गयी थी। पति भैंस चराने गये थे। समय का लाभ उठाकर गांव का सूरज पुत्र अशोक मोटरबाइक से बीस वर्षीय पुत्री को बहला- फुसलाकर मऊ ले आया। अनीश कुमार पुत्र पप्पू खप्टिहा कर्वी में रुका था। उसके पास छोडकर दूसरी जगह चला गया। वह शाम छह बजे घर पहुंची तो देखा कि पुत्री घर पर नहीं है। पड़ोस में पता किया तो सूरज पुत्र अशोक के मोटरबाइक पर ले जाने की जानकारी मिली। घर के सदस्य रिश्तेदारी में पता करने लगे। अभी तक पुत्री का पता नहीं चल सका। पीडिता ने सूरज पुत्र अशोक व अनीश कुमार खप्टिहा से पुत्री को बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्जकर पुत्री की बरामदगी को प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## डीएम की फटकारः बिजली अधिकारी चेते



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी से सदर तहसील के बिहारा गांव में शनिवार देर रात एक बजे बिजली पोल गिरने की शिकायत ग्रामीणों ने अवर अभियंता से की थी। आरोप है कि वह टालमटोल करते रहे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से रविवार को सवेरे पेड़ को काटकर तार से अलग किया। बिजली बहाल करने को कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।
रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को फोन किया तो नंबर बंद बता रहा था। गुस्साये ग्रामीणों ने डीएम से बात की। डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। डीएम की फटकार बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से बात कर भरोसा दिया कि देर शाम तक बिजली बहाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने डीएम से कहा कि बिजली धड़ाम रही तो सोमवार को ग्रामीण जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## प्रेमचन्द्र शिवहरे बने कलार समाज के जिलाध्यक्ष



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय कलार महासभा के संस्थापक अखिलेश शिवहरे, अध्यक्ष कार्तिकेय गुप्ता शिवहरे, मंत्री नरेन्द्र शिवहरे व प्रदेश संयोजक विनय शिवहरे ने प्रेमचंद्र शिवहरे को राष्ट्रीय कलार महासभा का जिलाध्यक्ष नामित किया है।
रविवार को कलार समाज का जिलाध्यक्ष बनने पर जिले में समाज के अरविन्द शिवहरे, गैरेन्द्र शिवहरे, प्रियांश शिवहरे, वेदांश शिवहरे, श्रेयांस शिवहरे, बबली जायसवाल, अंशू जायसवाल, पुष्पेन्द्र जायसवाल, आयुषी शिवहरे, रेखा जायसवाल, अंकित शिवहरे, अनुज शिवहरे, आशीष शिवहरे, रमेश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, सुर्मिला शिवहरे, अवनी शिवहरे, विद्यासागर शिवहरे आदि ने प्रेमचन्द्र शिवहरे को समाज का जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। प्रेमचन्द्र शिवहरे ने कहा कि कलार समाज की सामाजिक व राजनैतिक दशा कमजोर है। वे समाज को एकजुट कर समस्या को दूर करने के प्रयास करेंगे। जिम्मेदारी का निर्वहन समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर किया जायेगा।

# हिज्बुल्लाह ने दागी 50 मिसाइलें, इजराइल ने सभी को नाकाम किया

**तेल अवीव।** मध्य पूर्व में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह ने नॉर्थ इजराइल पर कई रॉकेट दागे। हिज्बुल्लाह के मुताबिक उसने बदले की कार्रवाई के तहत बेत हिलेल में हमला किया और लेबनान से इजराइल पर एक साथ 50 मिसाइलें दागी। इजराइल का दावा है कि आयरन डोम ने सभी मिसाइलों को नाकाम कर दिया और इससे जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई।

दो दिनों पहले इजराइल ने लेबनान केफर केला और डेर सिरियाने में हवाई हमला किया था, जिसके जवाब में हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजराइल पर रॉकेट बरसाए हैं। इससे पहले पहले इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें हिज्बुल्लाह कमांडर हज मोहसिन उर्फ फुआद शुकर की मौत हो गई थी। इसके 48 घंटे बाद ही हिज्बुल्लाह ने इजराइल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लेबनान से उसने उत्तरी इजराइल पर दर्जनों रॉकेट दागे।

इजराइल की तरफ से हमास प्रमुख इस्माइल हानिया को मार गिराने के साथ मध्य पूर्व में तनाव गहरा होता जा रहा है। इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने पिछले बुधवार को हानिया को ईरान में मारा था। जिसके बाद टकराव लगातार बढ़ रहा है।

ईरान हानिया की मौत का बदला लेगा, इसे लेकर इजराइल काफी सतर्क है। हानिया की हत्या के बाद दुनिया को ईरान-इजराइल युद्ध छिड़ने की आशंका है। लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को जल्द से जल्द लेबनान छोड़ने को कहा है। इससे पहले ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने भी इसी तरह की चेतावनी अपने नागरिकों के लिए जारी की थी।

# हिजबुल्लाह ने इजरायल पर रॉकेटों की बौछार की, क्षेत्र में युद्ध की आशंका बढ़ी



**बेरूत:** हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनिया की हत्या के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है. रविवार (स्थानीय समय) को दक्षिणी लेबनान से इजरायल की ओर लगभग 50 रॉकेट दागे गए. स्काई न्यूज के एक वीडियो में इजरायल की आयरन डोम रक्षा प्रणाली को क्षेत्र में सक्रिय होते हुए दिखाया गया.

हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसने रॉकेट से एक नई इजरायली बस्ती, बेत हिलेल पर हमला किया. यह गाजा में फिलिस्तीनी गांवों पर इजरायल के हमलों के जवाब में है, जिसमें नागरिक घायल हुए हैं. हिजबुल्लाह फिलिस्तीनी लोगों और उनके प्रतिरोध का समर्थन कर रहा है.

एक बयान में, हिजबुल्लाह ने कहा कि गाजा पट्टी में हमारे दृढ़ फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और उनके बहादुर और सम्मानजनक प्रतिरोध के समर्थन में, और दृढ़ दक्षिणी गांवों और सुरक्षित घरों पर इजरायली दुश्मन के हमलों के जवाब में, विशेष रूप से काफर किला और डेयर सिरयान के गांवों को निशाना बनाकर किए गए हमलों और नागरिकों को घायल करने के जवाब में, इस्लामिक प्रतिरोध ने बेत हिलेल की नई बस्ती को अपने फायर शेड्यूल में शामिल किया और पहली बार दर्जनों कत्यूषा रॉकेटों से उस पर बमबारी की. इस घटना पर इजराइल ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है. अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है.

इससे पहले शनिवार को, हिजबुल्लाह ने अपने दो लड़ाकों की मौत की घोषणा की, जिसमें डेयर सिरियाने का एक 17 वर्षीय किशोर भी शामिल था. हनिया की हत्या ने क्षेत्रीय संघर्ष की आशंकाओं को बढ़ा दिया है. बयान के मुताबिक, ताजा मौतें इजराइल की ओर से दक्षिणी बेरूत पर हमला करने के कुछ घंटों बाद हुई. ब्रिटेन और अमेरिका दोनों ने शनिवार को लेबनान में अपने नागरिकों से तुरंत वहां से चले जाने का आग्रह किया.

# सुधार की समग्रता देगा, चीनी शैली का आधुनिकीकरण बढ़ाएगा चीन



**बीजिंग।** चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की 20वीं केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्णाधिवेशन में सुधार को समग्र तौर पर जमीन पर उतारने और चीनी शैली के आधुनिकीकरण को बढ़ाने के बारे में निर्णय पारित किया गया। इसमें न सिर्फ समग्र योजना बनायी गयी, बल्कि ठोक कदम भी प्रस्तुत किये गये।

बताया जाता है कि सीपीसी के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग के नेतृत्व में उक्त निर्णय बनाने का काम वर्ष 2023 की सर्दियों से वर्ष 2024 के गर्मियों तक हुआ। इस निर्णय में चीन के अर्थव्यवस्था, नागरिक जीवन, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, लोकतंत्र, कानून और सत्तारूढ़ पार्टी का निर्माण आदि व्यापक क्षेत्रों में रणनीतिक, दूरदर्शी और दिशात्मक योजनाएं बनायी गयीं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में तेजी से हो रहा धर्मांतरण चिंता का विषयः अनिरुद्ध



**काठमांडू।** भारतीय कथावाचक अनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने नेपाल में तेजी से हो रहे धर्मांतरण पर चिंता जाहिर की है। श्रावण महीने में पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित कोटि होम महायज्ञ में प्रवचन के लिए आए अनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने कहा कि नेपाल प्रकृति, धर्म और संस्कृति की दृष्टि से एक पवित्र स्थान है। नेपाल और भारत के लोगों के प्रकृति एवं संस्कृति से जुड़े होने से दोनों देशों के बीच का संबंध अद्वितीय और अनुपम है।

भारत में जातिगत जनगणना पर हो रही चर्चा पर टिप्पणी करते हुए अनिरुद्धाचार्यजी ने इसे हिन्दू समाज के लिए अभिशाप बताया है। अपनी कथा के दौरान उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज को अपनी जाति के कारण एक-दूसरे के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। सभी मनुष्य एक हैं। उन्होंने जाति के आधार पर भेदभाव और छुआछूत का हिन्दू समाज में कोई स्थान नहीं होने की बात भी कही। नेपाल में मिशनरियों के द्वारा धड़ल्ले से धर्म परिवर्तन होने का जिक्र करते हुए अनिरुद्धाचार्यजी ने कहा कि नेपाल की पहचान हिन्दू राष्ट्र की है। पूरे विश्व में नेपाल को एकमात्र हिन्दू राष्ट्र के रूप में जानते पहचानते हैं। जिस तरह से हाल ही में धर्म परिवर्तन के मामले बढ़ रहे हैं वह ना सिर्फ नेपाल के लिए बल्कि भारत के लिए भी चिंता का विषय है। इस तरह धर्म बदलने से नेपाल हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा। इसको लेकर दोनों देशों की समाज को चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल का सबसे करीबी दोस्त भारत है। नेपाल और भारत के रिश्ते हमेशा अच्छे रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत की वजह से नेपाल की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

# गाजा में स्कूल पर इजरायली हमले में 15 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजाः** गाजा शहर में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. दर्जनों अन्य घायल हो गए. फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी गई है. फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली जेट ने गाजा शहर के उत्तर में शेख रादवान में एक स्कूल पर मिसाइल से हमला किया. यहां विस्थापित लोग रह रहे थे.

फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों के मुताबिक, बमबारी में 15 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए, और पीड़ितों की संख्या बढ़ने की संभावना है. सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायल रक्षा बलों ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण परिसर को निशाना बनाया है, जिसका इस्तेमाल हथियार बनाने के लिए किया जा रहा था और जिसे पहले गाजा शहर में एक स्कूल के रूप में इस्तेमाल किया जाता था.

बयान में कहा गया है कि परिसर का इस्तेमाल हमास आतंकवादियों के लिए छिपने की जगह के रूप में किया जा रहा था. इस परिसर के अंदर इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमले की योजना बनाई गई थी. इसमें कहा गया है कि बुनियादी ढांचे के भीतर से काम करके, नागरिक आबादी और संस्थानों का अपने आतंकवादी गतिविधियों के लिए मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर हमास अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है.

इसके अलावा, हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 39,550 हो गई है, जबकि 91,280 अन्य घायल हुए हैं.

# हनिया की हत्या घर के बाहर से दागी गई 'कम दूरी की प्रक्षेपास्त्र' से हुई



**तेहरानः** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (कफ-ऋउ) ने कहा है कि हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनिया की हत्या के लिए 'कम दूरी का प्रक्षेपास्त्र' इस्तेमाल किया गया था. शनिवार को जारी एक बयान में, कफऋउ ने कहा कि अब तक की गई जांच के आधार पर, हनिया के खिलाफ हमला लगभग 7 किलोग्राम (15.4 पाउंड) विस्फोटक सामग्री ले जाने वाली एक कम दूरी की प्रक्षेपास्त्र से किया गया था. इसे गेस्ट हाउस के बाहर से दागा गया था.

इसमें कहा गया है कि हनिया की हत्या के लिए इजराइल को 'उचित समय और स्थान पर कठोर सजा' मिलेगी. कफऋउ ने कहा कि इस हमले को अमेरिका की आपराधिक सरकार की ओर से समर्थन मिला था. हालांकि, इस हमले को लेकर इजराइल ने न तो इस बात की पुष्टि की है और न ही इससे इनकार किया है. जबकि अमेरिका ने कहा है कि उसे हनिया की हत्या के बारे में पता नहीं था या और ना ही वह इसमें शामिल नहीं था. जिससे गाजा पट्टी पर इजराइल के निरंतर युद्ध के बीच मध्य पूर्व में और अधिक संघर्ष की आशंका है.


फिलिस्तीनी नेता और उनके अंगरक्षक की बुधवार की सुबह तेहरान में ईरानी सरकार के गेस्ट हाउस में हत्या कर दी गई. हनिया ईरान के नवनिर्वाचित मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए ईरान की राजधानी गए थे. अलजजीरा से बात करते हुए सुरक्षा विश्लेषक एचए हेलियर ने कहा कि कफऋ-उ के बयान से हमें अंदाजा लगाना होगा कि वह आगे इजराइल के खिलाफ किस तरह के कदम उठायेगा.

हेलियर ने अल जजीरा से कहा कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि उनकी हत्या कैसे की गई. इस संबंध में कोई भी निष्कर्ष आगे के संघर्ष को प्रभावित करेगा. उन्होंने कहा कि फिलहाल दो परस्पर विरोधी कथानक हैं. बता दें कि कफऋउ से पहले, कई पश्चिमी मीडिया आउटलेट्स ने दावा किया था कि हनिया की हत्या तेहरान में उनके आवास में महीनों पहले लगाए गए बम से हुई थी. हेलियर ने कहा कि इन दो प्रकार के परिदृश्यों के बीच अंतर है. हालांकि, दोनों ही मामले ईरान में सुरक्षा उल्लंघन को दिखाते हैं. लेकिन बाहर से मिसाइल हमला और ईरान के अंदर एक बम की तस्करी से अलग सुरक्षा उल्लंघन है.

दोहा इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर इब्राहिम फ्रायहत ने अल जजीरा को बताया कि ईरान की प्रतिक्रिया पिछले अप्रैल में दमिश्क में अपने दूतावास पर इजरायली हवाई हमले के प्रति उसकी प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करने की संभावना नहीं है, जब तेहरान ने अमेरिका सहित कई पक्षों के साथ अपनी प्रतिक्रिया का समन्वय किया था.

फ्रायहत ने कहा कि इस्माइल हनिया की हत्या ने ईरानी संप्रभुता का उल्लंघन किया है. इसके लिए ईरान से इस तरह से प्रतिक्रिया की उम्मीद की जाती है जो उस हमले के बराबर हो जो उन्होंने अनुभव किया. शुक्रवार को कतर की राजधानी दोहा में एक मस्जिद में हनिया के अंतिम संस्कार की प्रार्थना में हजारों लोग शामिल हुए, जहां हमास प्रमुख समूह के राजनीतिक कार्यालय के सदस्यों के साथ रहता था.

# यूक्रेन का दावा, क्रीमिया बंदरगाह में डूबी रूसी पनडुब्बी



**कीवः** यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने क्रीमिया के बंदरगाह में रूसी पनडुब्बी को डुबो दिया है, जो रूसी कब्जे वाले प्रायद्वीप में मास्को के लिए एक और बड़ा झटका होगा. यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पनडुब्बी रोस्तोव-ऑन-डॉन को शुक्रवार को सेवस्तोपोल के बंदरगाह में निशाना बनाया गया.

जनरल स्टाफ ने आगे कोई सबूत दिए बिना कहा कि नाव मौके पर ही डूब गई. सीएनएम की रिपोर्ट के मुताबिक, यदि यह सूचना सही निकली तो यूक्रेन की ओर से रूस की नौसेना के लिए नवीनतम झटका होगा, जिसके बारे में कीव का दावा है कि वह पहले ही अपने काले सागर बेड़े का एक तिहाई हिस्सा खो चुका है. सीएनएन ने कहा कि फिलहाल इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है. रूसी रक्षा मंत्रालय ने कथित हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है.

जनरल स्टाफ ने कहा कि रोस्तोव-ऑन-डॉन का कथित नुकसान एक बार फिर साबित करता है कि काले सागर के यूक्रेनी क्षेत्रीय जल में रूसी बेड़े के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं है. यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय ने हमले की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सेवस्तोपोल के बंदरगाह पर हमला होने के बाद एक रूसी पनडुब्बी काले सागर की तलहटी में चली गई. हमले के परिणामस्वरूप, पनडुब्बी डूब गई. शानदार काम, योद्धाओं.

2014 में प्रायद्वीप पर कब्जा करने के बाद से रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया है. दो साल से अधिक समय पहले यूक्रेन में युद्ध छिड़ने के बाद से, यह कीव की सेनाओं के छिटपुट हमलों का शिकार हुआ है. सेवस्तोपोल के रूसी-नियुक्त गवर्नर मिखाइल रजवोजायेव ने कहा कि शनिवार को पनडुब्बी रक्षा अभ्यास हो रहे थे, और शहर में सब कुछ शांत है. शनिवार को एक पोस्ट में, रूसी सैन्य ब्लॉगर बोरिस रोजहिन ने कहा कि सेवस्तोपोल में जहाज मरम्मत संयंत्र, जहां पनडुब्बी डॉक की गई थी, पर हमला हुआ प्रतीत होता है.

# पेरिस ओलंपिक में छिड़ी जेंडर पर बहस



पेरिस ओलंपिक के सातवें दिन महिला मुक्केबाजी के एक मुकाबले ने तब तूल पकड़ लिया जब इटली की मुक्केबाज एंजेला केरिनी ने मैच शुरू होने के 46 सेकेंड के भीतर ही मुकाबला छोड़ने का फैसला कर लिया. पेरिस ओलंपिक में इन दिनों अल्जीरिया की महिला मुक्केबाज ईमान खलीफ अपने जेंडर की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं. सातवें दिन जब खलीफ अपना पहला मुकाबला खेलने उतरीं तो उनका सामना इटली की एंजेला कारीनी से हुआ. मैच शुरू होने के 46 सेकेंड के भीतर ही इटली की मुक्केबाज ने मुकाबला छोड़ने का फैसला ले लिया. उनका कहना था कि वो जान बचाकर इस मुकाबले से बाहर आई थीं.

वहीं खलीफ ने तीन राउंड तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हंगरी की मुक्केबाज अन्ना लुका हमोरी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है और ओलंपिक का अपना पहला पदक पाने से बस एक कदम दूर हैं.

**पहले नहीं मिली थी इजाजत**

पिछले साल विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जेंडर एलिजिबिलिटी टेस्ट में फेल होने के बावजूद खलीफ को ओलंपिक में खेलने की इजाजत देना गैरकानूनी कहा जा रहा है. साल 2023 में दिल्ली में आयोजित विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ईमान खलीफ और ताइवान की लिन यू-तिंग को जेंडर एलिजिबिलिटी टेस्ट में फेल होने की वजह से बाहर कर दिया गया था. जबकि पेरिस ओलंपिक में ये दोनों खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं.

डीडब्ल्यू से बात करते हुए पूर्व ओलंपियन और बॉक्सर विजेंदर सिंह ने कहा, "अगर एक खिलाड़ी ताकत के मामले में दूसरे से ज्यादा पावरफुल होगा तो उसके पंच से कई बार दूसरे की मौत भी हो सकती है, इसलिए इनको बैन करना चाहिए वरना कल को कोई भी सेक्स चेंज कराकर पार्टिसिपेट करने आ जाएगा

**खेलों में ट्रांस महिलाओं को बैने करने के पीछे कोई विज्ञान नहीं**


**आईओसी ने क्या कहा**

इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने इस मामले पर अपना रुख साफ करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले इन खिलाड़ियों की सभी तरह की जांच कराई गई और इन दोनों ने सभी टेस्ट पास किए हैं.

दिल्ली में आयोजित विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन ने कराया था जिसकी विश्व गवर्निंग बॉडी के तौर पर सदस्यता इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने पिछले साल जून में ही खत्म कर दी थी.

# चुनावी बहस से पहले ही भिड़े ट्रम्प- कमला हैरिस, पसंद की तारीख व चैनल चाहते हैं दोनों उम्मीदवार





**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान की अपनी पहली डिबेट से पहले ही डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस आमने-सामने आ गए हैं। दोनों अलग-अलग ब्रॉडकास्टार और तारीख पर डिबेट करना चाहते हैं। इसे लेकर दोनों के अपने तर्क हैं। अमेरिका में इसी साल 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होगा।इसके लिए बाइडेन के चुनावी मैदान से हटने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी से कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उम्मीदवार हैं।दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबले का आसार हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने 10 सितंबर को होने वाली एबीसी न्यूज बहस से बाहर होने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया साइट, ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी देते हुए कमला हैरिस के साथ फॉक्स न्यूज के साथ बहस का प्रस्ताव रखा है। इस पोस्ट के मुताबिक फॉक्स न्यूज की बहस 4 सितंबर को पेंसिल्वेनिया में एक निर्धारित स्थान पर होगी। कमला हैरिस ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं 10 सितंबर को वहां रहूंगी, जैसा कि ट्रम्प ने सहमति व्यक्त की थी। मुझे उम्मीद है कि मैं ट्रम्प को वहां देखूंगी। कमला हैरिस का चुनाव कैंपेन एबीसी न्यूज पर 10 सितंबर को डिबेट चाहता है। यह स्लॉट में पहले से ही बाइडन और ट्रम्प के लिए बहस तय था। लेकिन अब ट्रम्प का कहना है कि एबीसी की डिबेट निरस्त हो चुकी है क्योंकि बाइडन चुनावी दौड़ से बाहर हो चुके हैं। ट्रम्प एबीसी न्यूज की बजाय फॉक्स न्यूज पर बहस चाहते हैं। साथ ही वे यह बहस 4 सितंबर को चाहते हैं।

गौरतलब है कि ट्रंप और हैरिस के बीच डिबेट की तारीख और जगह को लेकर विवाद 21 जुलाई से ही शुरू हो गया था जब बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की घोषणा की थी और कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी का सर्वसम्मत उम्मीदवार बनाया गया।